8- APR- BSP- P-1_Layout 1 4/8/2025 4:34 PM Page 1

हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया

तापमान

अधिकतम 39.6 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती बच्ची से कुशलक्षेम पूछते हुए।

खबर संक्षेप

राज्यपाल डेका का नगर प्रवास आज

बिलासपुर। राज्यपाल रमेन डेका 9 अप्रैल को बिलासपुर आएंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार

श्री डेका शाम 4.30 बजे सड़क मार्ग से होकर रायपुर से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। शाम 6.15 बजे सर्किट हाउस बिलासपुर पहुंचेंगे। 6.30 बजे लखीराम अग्रवाल स्मृति ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। तत्पश्चात रात 7.35 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 10 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे रायपुर के लिए रवाना होंगे।

राजस्व पखवाड़ा : आज इन गांवों में लगेंगे शिविर

बिलासपुर। राजस्व संबंधित मामलों के निराकरण के लिए जिले में राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम जारी है। 9 अप्रैल को 24 गांवों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। इनमें बिलासपुर तहसील में सेंदरी, मटियारी, सिरगिट्टी, बेलतरा के सेमरा, करमा, बिल्हा के बिटकुली एवं उमरिया, बोदरी के सरवानी एवं कड़ार, मस्तूरी के भनेसर एवं डोड़की, सीपत के खोंधरा, पचपेड़ी एवं भटचौरा, तखतपुर के बीजा, राजपुर, सोनबंधा एवं बेलपान, सकरी के सैदा, संबलपुरी एवं नेवरा, कोटा के नवागांव, रतनपुर के जाली एवं जोगीपुर, बेलगहना के नगोई एवं सोढ़ाखुर्द में शिविर आयोजित होंगे।

फर्जी हस्ताक्षर से लिया 20 लाख का लोन, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। पटवारी के फर्जी हस्ताक्षर से पट्टा के जमीन का कब्जा प्रमाण पत्र बनाकर बैंक से 20 लाख 55 हजार, 488 रुपए का लोन लेने वाले के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, सिरगिट्टी के पटवारी राजेश पाण्डेय ने रिपोर्ट लिखाई सरकार की ओर से बजरंग कोरी, गणेश कोरी को सरकारी जमीन का आबादी पट्टा दिया गया है। जमीन का कब्जा प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कुछ दिन पहले दोनों उनके कार्यालय आए थे। पटवारी ने नियमों का हवाला देकर कब्जा प्रमाण पत्र बनाने से इनकार कर दिया था। बाद में दोनों ने पटवारी के फर्जी सील बनवाकर उनका फर्जी हस्ताक्षर से कब्जा प्रमाण पत्र बना लिया। उसके आधार पर दोनों ने निजी बैंक से 20 लाख 55 हजार, 488 रुपए लोन लिया है, जिसमें तरूण कोरी पिता बजरंग कोरी, वासिम कुरैशी पिता मो. कमर कुरैशी सिरगिट्टी निवासी को मुख्य गवाह बनाया गया है। पुलिस ने पटवारी की रिपोर्ट पर बजरंग कोरी, गणेश कोरी एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 5, 318, 4, 336, 3,338, 340, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

ढाई लाख ने पंजीयन तो कराया लेकिन सिर्फ 1840 उपभोक्ताओं को मिला लाभ

प्रदेश में रेंग रही सूर्य से घर पर बिजली बनाओ योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना छत्तीसगढ़ में रेंग रही है। हाल यह है कि साल भर में इस योजना का लाभ लेने के लिए 2 लाख 43,071 उपभोक्ताओं ने तो पंजीयन कराया लेकिन विधिवत आवेदन इस योजना में 35 हजार 475 उपभोक्ताओं ने ही किया। यही नहीं अभी तक मात्र 1840 उपभोक्ताओं को ही योजना का लाभ मिला है। ध्यान रहे कि 30 मार्च को बिल्हा क्षेत्र के मोहभठ्ठा में आयोजित आमसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐलान किया था कि छग सहित भारत में हम सोलर पावर प्रोडक्शन को भी माइक्रो लेवल पर ले जा रहे हैं।

पीएम सूर्य घर रूफ टॉप सोलर सेटअप के लिए हर फैमिली को फंड भी दिया जा रहा है। इस योजना को लेकिन अधिकारी पलीता लगा रहे हैं। अधिकारी कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में 1 लाख 30 हजार घरों में पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाया जाएगा। 2026 तक इस टारगेट को पूरा करने का निर्देश बिजली कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से दिया गया है।

अलग खबर

- 2 लाख के लोन में 78 हजार सब्सिडी दे रही सरकार, फिर भी लोगों की रुचि नहीं

योजना के तहत वर्तमान में सबसे ज्यादा सोलर पैनल रायपुर और सबसे कम खैरागढ़ में लगा है। हालांकि, सूरजपुर, सुकमा, नारायणपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, दंतेवाड़ा और बलरामपुर में अब तक खाता भी नहीं खुला है। ज्ञात हो कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना 13 फरवरी 2024 को लांच हुई थी। इसके तहत देश में एक करोड़ घरों में छत पर सौर संयंत्र स्थापित करना है। लोगों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 29 फरवरी 2024 को 75,021 करोड़ रुपए की लागत के साथ पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगाकर उपभोक्ता हर महीने 360 यूनिट बिजली उत्पादन कर सकते हैं। दावा है कि इससे हर साल 16 हजार रुपए तक का खर्च बचाया जा सकता है। आवेदन करने वाले उपभोक्ताओं को बैंक से दो लाख रुपए का लोन और 78 हजार रुपए की सब्सिडी भी मिलेगी। सोलर पैनल की लाइफ 25 साल की है। यानी एक उपभोक्ता सोलर पैनल लगाकर 4 लाख 21 हजार 200 रुपए की बचत कर सकेगा।

- प्रदेश में अब तक 2 लाख 38 हजार 427 उपभोक्ता रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं
- इनमें से 32 हजार 396 उपभोक्ताओं ने सोलर पैनल लगवाने के लिए आवेदन भी दिया है
- वर्तमान में 1 हजार 840 उपभोक्ताओं के घर में सोलर पैनल लगाया जा चुका है
- 858 उपभोक्ताओं के घर का निरीक्षण होना है, उसके बाद यहां भी पैनल लगाया जाएगा



मुफ्त नहीं है यह मुफ्त के नाम वाली योजना

दरअसल प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना नाम से प्रचारित इस योजना का लाभ शायद ही गरीब वर्ग ले पाए क्योंकि इस योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता को सरकारी सब्सिडी के साथ ही अपनी जेब से भी पैसे खर्च करने होते हैं तब जाकर उपभोक्ता मुफ्त बिजली का लाभ ले पाता है। यानी इस मुफ्त बिजली योजना के लिए पहले पैसे खर्च करने पड़ते हैं। उदाहरण के लिए अगर तीन किलोवाट का सोलर प्लांट लगाना है तो लगभग 1.45 लाख रुपए की लागत आएगी। उसमें से अठहत्तर (78) हजार रुपए की सब्सिडी सरकार देगी। बचे हुए सड़सठ हजार (67,000) रुपए उपभोक्ता को देने होंगे।

3 किलोवाट सोलर-पैनल से बनेगी 360 यूनिट इलेक्ट्रिसिटी, हर साल 16 हजार बचेंगे

यह है स्थिति

जिला	रजिस्ट्रेशन संख्या	उपभोक्ताओं की संख्या
बिलासपुर	7728	152
दुर्ग	15112	187
जांजगीर चांपा	6071	15
बालोद	28160	5
कोरबा	8712	23
रायगढ़	8350	25
रायपुर	18466	467

मौके पर पहुंचकर सत्यापित करेंगे अधिकारी

केंद्र सरकार ने पीएम सूर्य घर योजना के लिए नेशनल पोर्टल लॉन्च किया है। इसके लिए आप वेबसाइट **www.pmsuryaghar.gov.in** पर जाकर आवेदन कर सकेंगे। इसमें आपको अपने बिजली कनेक्शन का कंज्यूमर नंबर, नाम, पता, राज्य और कितनी क्षमता का प्लांट लगाना है जैसी जानकारियां भरनी होगी। उसी के अनुसार आपके यहां सोलर पैनल लगेगा और आपको सब्सिडी मिल पाएगी। पोर्टल पर दी गई जानकारियों को बिजली कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंचकर सत्यापित करेंगे। इसके बाद प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। पोर्टल पर कई सारे वेंडर पहले से पंजीकृत हैं जो सोलर पैनल लगाते हैं। आप अपने हिसाब से कोई भी वेंडर चुन सकते हैं।

रतनपुर में फिर चार मृत कछुए मिलने से हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर के महामाया नगरी में कछुए की मौत का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कुछ दिन पहले महामाया कुंड में 23 मृत कछुओं के मिलने संबंधी मामले की जांच अब तक पूरी नहीं हो पाई है, इधर मंगलवार की सुबह रतनपुर महामाया मंदिर के पहले बने कलपेसरा तालाब में फिर चार कछुओं का शव पाया गया। सूचना पर वन विभाग की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

25 मार्च को रतनपुर के महामाया कुंड में 23 नग कछुओं की मौत हो गई थी। इस मामले की जांच वन विभाग ने शुरु करते हुए सीसी टीवी फुटेज खंगालने के उपरांत मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, नेता और कर्मचारी सहित पांच आरोपियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला कायम कर लिया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष, नेता और कर्मचारी की तलाश की जा रही है। मंगलवार को धार्मिक नगरी रतनपुर के महामाया मंदिर परिसर से सटे कलपेसरा तालाब में एक बार फिर जाल में फंसे चार मृत कछुए मिलने से सनसनी फैल गई है। रतनपुर मे कछुओं की मौत का सिलसिला रुकने का नाम नही ले रहा है, अभी 23 कछुओं की मौत की जांच की आंच भी ठंडी नही हुई थी की फिर एक बार जाल में मृत कछुए मिले हैं। यह तालाब नगर पालिका के अधीन आता है। यहां पर नगर पालिका द्वारा नौका विहार की सुविधा भी दी जाती है। सूचना पर वन विभाग ने मौके पर पहुंचकर कछुओं के शव और जाल को जब्त कर कानन पेण्डारी में पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर जांच शुरु कर दी है।

महामाया मंदिर के पास कलपेसरा तालाब में मिले कछुओं के शव

वन विभाग ने शुरु की जांच, इसके पहले मृत मिले थे 23 कछुए

मुख्य आरोपी फरार

14 दिन पहले रतनपुर के महामाया कुंड में मिले 23 नग कछुओं के मामले में वन परिक्षेत्र रतनपुर के अधिकारी और स्टाफ ने छानबीन व सीसी टीवी फुटेज के आधार पर दो मछुआरों को गिरफ्तार कर 14 दिन के रिमांड में जेल भेज दिया है। इसमें तीन मुख्य आरोपी महामाया ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, नेता आनंद जायसवाल और गजेन्द्र तिवारी शामिल हैं, जो विभाग की गिरफ्त में अब तक नहीं आए हैं। इन आरोपियों को पकड़ने के लिए वन विभाग बिलासपुर के डीएफओ सत्यदेव शर्मा ने एसपी को पत्र लिखकर सहयोग करने मांग की है।

सीसी टीवी कैमरा नहीं

मंगलवार की सुबह कलपेसरा तालाब में चार नग कछुओं की मौत की खबर से पूरे रतनपुर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लगातार कछुओं की मौत होने से महामाया नगरी में रहने वाले लोग काफी आक्रोशित हो गए हैं। इस दौरान वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचने के बाद आसपास में सीसी टीवी कैमरे की तलाश की, लेकिन उन्हें कैमरा कहीं भी नहीं मिला। फिलहाल विभाग की टीम भी कछुओं की मौत से हलाकान हो गई है। टीम ने आरोपियों को पकड़ने के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ भी शुरु कर दी है।

जबलपुर भेजा जाएगा बिसरा

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में मरे 23 नग कछुओं की प्रारंभिक पोस्टमार्टम में जानकारी मिलने और उनका अंतिम संस्कार कराने के बाद बिसरा को जबलपुर रिसर्च सेंटर में भेज दिया गया है। इसके बाद एक बार फिर तालाब में चार कछुओं की मौत मिली है, जिसमें दी गई रिपोर्ट दम घुटने से मिल रही है। इन कछुओं के बिसरा को भी जबलपुर भेजने की तैयारी की जा रही है।

मौत का कारण दम घुटना

रतनपुर के एक तालाब में चार कछुओं का शव मिला है। इनकी प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने के कारण मौत होना बताया गया है। बिसरा को जबलपुर भेजा जा रहा है। तालाब में जहां कछुओं का शव मिला है, वहां सीसी कैमरा नहीं लगा है। फिलहाल आसपास के लोगों से पूछताछ शुरु कर दी गई है। वहीं 23 नग कछुओं की मौत के मामले में मुख्य आरोपियों को पकड़ने के लिए एसपी को भी पत्र लिखा गया है।

- सत्यदेव शर्मा, डीएफओ वन मंडल बिलासपुर

आरक्षक से मारपीट फरार चार गिरफ्तार

बिलासपुर। 7 अप्रैल को सदरबाजार करोना चौक में कट मारकर निकलने से मना करने पर परसदा निवासी आरक्षक सतीश कुमार लोधी के साथ युवकों ने लाठी, राड से ताबड़तोड़ हमला कर सिर फोड़ दिया था। कोतवाली पुलिस ने देर रात अलग-अलग जगहों में दबिश देकर फरार हमलावर अमन हदगेन, हिमेश वैरीसाल, शेख इमरान, जैदूल हक को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। हमलावर मनोज वर्मा चांटीडीह, सैफूल हक करोना चौक निवासी को गिरफ्तार किया था।

मुख्यमंत्री से एसईसीएल सीएमडी ने की सौजन्य भेंट

बिलासपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मंगलवार को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के नव नियुक्त अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) हरीश दुहन ने उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री दुहन को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी।

श्री दुहन ने सीएम को एसईसीएल द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत राज्य के खनन प्रभावित क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। श्री साय ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य के औद्योगिक और सामाजिक विकास के लिए हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

सामान्य सभा 15 को पं देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह में, 10 अप्रैल तक पार्षदों से मंगाए गए प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की सामान्य सभा करीब 14 महीने बाद 15 अप्रैल मंगलवार की सुबह साढ़े 11 बजे से पं देवकीनंदन दीक्षित सभा गृह में होगी। इसके साथ ही प्रश्नकाल के लिए नियमानुसार सभी पार्षदों से 2 प्रश्न 10 अप्रैल तक मंगाए गए हैं। 11 अप्रैल की दोपहर 12 बजे निगम के दृष्टि सभा कक्ष, विकास भवन में लाटरी निकाली जाएगी और प्रश्नों का क्रम निर्धारित किया जाएगा। इसके साथ ही इस सामान्य सभा में रखे जाने वालो विषयों की सूचि भी जारी की गई है। इसमे पेयजल के साथ ही सड़क नाली के काम शामिल है। इसके साथ ही रिकाण्डों बस्ती चिंगराजपारा में व्यवसायिक परिसर निर्माण, अशोक नगर बिरकोना रोड चौड़ीकरण, गौरव पथ निर्माण कार्य, अरपा इंदिरा सेतु से राम सेतु तक अटल पथ निर्माण कार्य भी

- 11 अप्रैल की दोपहर 12 बजे निगम के दृष्टि सभा कक्ष में लाटरी निकाली जाएगी

शामिल है। अरपा नदी में पहुंच रहे नालियों के पानी को रोकथाम पर भी चर्चा होगी। इसके लिए ठेका कंपनी को काम दिए जाने का प्रस्ताव एमआईसी में पास किया गया है।

ज्ञात हो कि 27 फरवरी 2024 को सामान्य सभा की आखिरी बैठक लखीराम आडिटोरियम में हुई थी। उसके बाद से सामान्य सभा कराने पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। खास बात है कि फरवरी में हुई बैठक में बजट पर अधिक चर्चा हुई थी। इसे पूरी सामान्य सभा भी नहीं कहा जा सकता। अधिकांश समय तो हंगामे में ही बीत गया था। सामान्य सभा की बैठक नहीं हो पाने के कारण चलते ढेरों प्रस्ताव अटके हुए हैं और विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। ध्यान रहे कि शहर विकास के अधिकांश कार्यों पर मुहर सामान्य सभा की ही लगती है। पेंशन और जातिप्रमाण पत्र का निराकरण न होने से गरीब परेशान हैं।

बस स्टैंड तक बनेगी इमलीपारा की चौड़ी सड़क

ज्ञात हो कि निगम द्वारा ईमलीपारा रोड़ को श्यामा प्रसाद चौक से जोड़ने हेतु सड़क का चौड़ीकरण व उन्नयन की योजना तैयार की गई थी। इसके लिए भी प्रस्ताव एमआईसी में पास कराया गया है। इसके साथ ही कुछ मामले कोर्ट में है उनका भी निराकरण किया जाना है। निगम के मुताबिक 88 दुकानों का वर्णमाला के अनुसार ए, बी और सी में वर्गीकरण किया गया है। इसमें पांच व्यापारी ऐसे हैं जिनका वर्तमान में लीज जीवित एवं वैध है।

इन प्रस्तावों पर लग सकती है मुहर

- ग्राम घुरू, खमतराई, बहतराई, बिजौर, लिगियाडिह, कोनी एवं सकरी में पेयजल प्रबंधन कार्य हेतु 2817.22 लाख का टेंडर।
- देवरीखुर्द एवं चिल्टाटी क्षेत्र में तीन करोड इनक्यावन लाख रुपए में प्लास्टिक पाइप के स्थान पर डी.आई. पाईप लगाने का टेंडर
- रिकाण्डों बस्ती चिंगराजपारा में 5 करोड़ में व्यवसायिक परिसर निर्माण, दुकानों का आबंटन नीलामी के माध्यम से की जाएगी
- नवीन परियोजना अंतर्गत नगरोत्थान योजना हेतु बजट वर्ष 2025-26 में कई कार्यों के लिए 60.00 करोड़ की स्वीकृति
- अरपा में दूषित जल के उपचार हेतु पुणे की ठेका कंपनी द्वारा 103.69 करोड़ की कार्य योजना प्रस्तुत की गई है।

8 APRIL- BSP-PG-2_Layout 1 4/9/2025 12:48 AM Page 1

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का किया निरीक्षण

बिलासपुर। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने सोमवार को कलेक्टोरेट परिसर स्थित कार्यालय जिला कोषालय का छमाही निरीक्षण किया। उन्होंने खजाना, पेंशन, देयक आदि शाखाओं के कार्यों की विस्तृत जानकारी ली और कोषालय के डबल लॉक का भौतिक सत्यापन व संबंधित पंजियों पर हस्ताक्षर किए। कोषालय संहिता मे कलेक्टर द्वारा वर्ष में दो बार निरीक्षण करने संबंधित प्रावधान है। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी जसपाल सिंह राज, सहायक कोषालय अधिकारी सुजीत कुमार पात्रे और तरला नुरूटी, सहायक प्रोगामर चन्द्राहास कटियार, खजांची ज्ञानु भारद्वाज, हितेश ध्रुव व सागर यादव के साथ कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य मंत्री ने किया वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

बिलासपुर। बिलासपुर प्रवास पर पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, डीन डॉ. रमनेश मूर्ति एवं नोडल अधिकारी सिम्स डॉ. भूपेंद्र कश्यप द्वारा संयुक्त स्वास्थ्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ का वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया।

विहिप व बजरंग दल ने दुष्कर्म और हत्या के आरोपी का पुतला फूंका

बिलासपुर। 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने आरोपी का पुतला दहन कर दोषी को फांसी की सजा देने की मांग की है। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति एवं दुर्गा वाहिनी द्वारा मंगलवार को प्रदर्शन करते हुए नेहरू चौक में दुर्ग में हुए वीभत्स अपराध के आरोपी का पुतला दहन किया गया। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में विहिप के संदीप गुप्ता, अंकुश ठाकुर, रूपेश शुक्ला, अवधेश सिंह, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, गौरव धनकर, दिलीप साहू, कन्हैया साहू, शुभम यादव, जितेंद्र साहू, हिमांशु कौशिक, अमन पटेल, जितेंद्र पाल, दिलावर सिंह, जीतू महापात्र, तथा बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं सहित अन्य आनुषंगिक संगठनों से प्रिंस वर्मा, बिंदु सिंह कछवाहा, अभिषेक शर्मा शामिल हैं।

कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, पुतला दहन

बिलासपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर-ग्रामीण ने दुर्ग में एक अबोध बच्ची की हत्या के विरोध में आज नेहरू चौक पर पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। हत्या की घटनाएं घोर चिंताजनक है। दुर्ग की घटना स्वस्थ समाज को झकझोर कर रख दिया है। विजय पांडेय ने कहा कि दुर्ग की घटना से पहले भी बिलासपुर में भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी है जिसमे कोनी, अशोक नगर में हत्या की गई। इसी प्रकार बिल्हा विधानसभा के सिरगिट्टी में भी हत्या की गई। पुतला दहन में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, पंकज सिंह, देवेंद्र सिंह, सचिव आशीष गोयल, पूर्व महापौर राजेश पांडेय, राजेंद्र शुक्ला, रविन्द्र सिंह, राकेश शर्मा, शिवा मिश्रा, समीर अहमद, विनोद साहू, लक्ष्मी नाथ साहू, जगदीश कौशिक, शेख निजामुद्दीन, पिंकी बतरा, सीमा घृटेश, शिल्पी तिवारी, शहजादी कुरैशी, संध्या तिवारी, स्वर्णा शुक्ला, गायत्री कश्यप, बिंदु जायसी, पुष्पा शर्मा आदि मौजूद थे।

ढोबले की डिजाइन यूके डिजाइन के लिए पंजीकृत

बिलासपुर। चौकसे पब्लिक स्कूल उस्लापुर में कक्षा 8वीं के छात्र पुनित अनिल ढोबले की डिजाइन यूके डिजाइन के लिए पंजीकृत किया गया है। इसके लिए स्कूल प्रबंध ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कक्षा 7 वीं में बर्फ पिघलाने वाले लैंप पर आधारित यातायात संकेत उपकरण डिजाइन की थी, जिसे उन्होंने सुमित कुमार, दिलीप पांडेय, राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विवि, नागपुर, महाराष्ट्र, कल्याणी निंबालकर भौतिकी विभाग, राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज विवि, नागपुर, महाराष्ट्र, नल्लापारेड्डी थेजो कल्याणी अनुप्रयुक्त भौतिकी विभाग, महाराष्ट्र के निर्देशानुसार यूके डिजाइन पंजीयन के लिए भेजा था। जहां उसे पंजीकृत कर लिया गया है। जिसके लिए नियंत्रक- महालेखा परीक्षक, पेटेंट, डिजाइन ट्रेडमार्क एडम विलयम्स ने पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी की है। इस छोटी सी उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धि पर स्कूल संचालक प्रशांत चौकसे, प्राचार्य कविता यादव, शिक्षक तनु सिंह राजपूत ने पुनित अनिल ढोबले को बधाई दी है। जिनमें अशोक प्रसाद, अर्जुन पटेल, प्रदीप मानिकपुरी सहित अन्य लोगों ने उसके कार्यों की प्रशंसा की और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

केन्द्र सरकार ने जिम्मेदारी सौंपी | **3 करोड़ की लागत से बांउड्रीवाल बनाने के लिए राशि आबंटित**

200 करोड़ में इरकान करेगी कोनी स्थित लघु एवं मध्यम उद्योग के ट्रेनिंग प्रोडक्शन सेंटर का निर्माण, बनेंगे उद्योगों के कलपुर्जे और डाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लघु उद्योगों के कच्चे माल और उत्पादित वस्तुओं के टेस्टिंग के साथ ही उच्च क्वालिटी के वस्तुओं के निर्माण के लिए कोनी में टेक्नोलॉजी सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। अधोसंरचना के निर्माण के लिए भारत सरकार ने रेल मंत्रालय की संस्था इरकान इंडियल रेल्वे कंस्ट्रक्शन कंपनी को जिम्मेदारी दी है। कोनी स्थित आईटीआई से लगी हुई 20 एकड़ जमीन पर 200 करोड का प्रोजेक्ट निर्माणधीन है। वर्तमान में 3 करोड की लागत से बांउड्रीवाल बनाए जाने के लिए राशि आबंटित की गई है।

गौरतलब है कि एमएसएमई उद्योगों के विकास के लिए टेक्नोलॉजी सेंटर की स्थापना की जानी है। दुर्ग के बाद बिलासपुर में इस सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। टेक्नोटलॉजी सेंटर के माध्यम से उद्यमियों के विभिन्न विधाओं के लिए प्रशिक्षण, युवा बेरोजगारों को तकनीकी शिक्षा, कुशल कारीगरी का प्रशिक्षण दिया जाएगा। हाल ही में केन्द्र सरकार ने इरकान' 'इंडियल रेल्वे कन्शट्रक्शन कंपनी को निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए प्रारंभिक तौर पर 3 करोड़ रुपए का आबंटन भी मिल गया है।

एमएसएमई उद्योग संघ के प्रदेश अध्यशक्ष हरीश केडिया ने बताया कि उद्योगों की जरूरतों के लिए डाई, कलपूर्जे का निर्माण सेंटर में किया जाएगा। वहीं लघु उद्योगों के कच्चे माल एवं उत्पादित वस्तुओं का टेस्टिंग कर उच्च क्वालिटी की वस्तुओं का निर्माण संभव होगा। इससे क्वालिटी प्रमाण पत्र के साथ वस्तु बडे कारखानों एवं शासकीय उपक्रमों को बेचा जा सकेगा।

अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र, सुपर ग्रेड आरईटीआई

यह सेंटर अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र होगा और इसे सुपर ग्रेड आईटीआई भी कहा जा सकता है। इसमें कई प्रकार के कोर्स चलेंगे। कम्प्यूटर लैब के अलावा सेंटर के प्रोडक्शन हाउस, प्रशिक्षण केंद्र, एडमिनिस्ट्रेशन ब्लॉक और हॉस्टल का निर्माण होगा। इस सेंटर में 8 वीं से लेकर 12 वीं और कालेज स्तर तक के कोर्स होंगे और उसी हिसाब से एडमिशन होगा। पूरी तरह से संचालन के बाद यहां प्रशिक्षण लेने वाले युवा टूल्स, डाई, मोल्डिंग (डिजाइन) व दूसरे उपकरणों का उत्पादन करेंगे। उद्यमियों को सस्ती दरों पर नई तकनीकी से विकसित उपकरण सब्सिडी पर मुहैया कराए जाएंगे।

बिलासपुर में दूसरा सेंटर निर्माणधीन

यह भी ध्यान रहे कि छत्तीसगढ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के निरंतर प्रयास सेंटर स्थापना की जा रही है। इसके लिए 200 करोड रुपए की राशि स्वीकृति की गई है। अधोसरंचना निर्माण में वाउंड्रीवाल, भवन, सडक इत्यादि बनाई जाएगी। दुर्ग जिले पहले से ही टेक्नोलाजी सेंटर की स्थापना की जा चुकी है और अब बिलासपुर में दूसरा सेंटर निर्माणधीन है। कोनी आईटीआई 20 एकड जमीन भारत सरकार के नाम स्थानांतरित करके आधिपत्य भी दे दिया गया है।

इन उद्योगों को पहुंचेगा फायदा

ज्ञात हो कि टेक्नालॉजी सेंटर का संचालन केंद्र सरकार द्वारा ही किया जाएगा। टेक्नोलॉजी सेंटर स्थापित होने के बाद विभिन्न क्षेत्रों के उत्पादन में बढोत्तरी संभव हो सकेगी। इसमें इलेक्ट्रिकल, कलपूर्जे, चमड़ा, ग्लास और खेल सामग्रियां, फर्नीचर जैसे उद्योगों को फायदा हो सकता है। इसके लिए प्रशिक्षित कारीगर, कुशल श्रमिक मिलेगें। यह कारिगर टेक्नोलॉजी सेंटर में शार्ट और लॉग टर्म कोर्स के माध्यम से मैकेनिकल और इलेक्ट्रानिक्स की पढाई कर कई विधाओं में प्रशिक्षित होंगे, जिससे भविष्य में स्वरोजगार के अवसर भी खुलेंगें।

सूना रहा सुशासन तिहार: कुछ आवेदन पहुंचे भी तो नालियों की सफाई और पेंशन की मांग को लेकर

शाम तक कई केन्द्रों का खाता तक नहीं खुला अधिकांश शिविरों में इक्का-दुक्का आवेदन

गजानंद सारथी प्राथमिक शाला राजेंद्र में खाली पड़ी कुर्सियां।

कुदूदंड सुशासन तिहार शिविर में आवेदकों का करते रहे इंतजार ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आवेदन देकर जनता थक चुकी है या फिर अफसरशाही की लापरवाही से लोग त्रस्त हैं। या फिर यूं कहें कि लोगों को कोई समस्या ही नहीं है। सब कुछ अच्छा चल रहा है। कारण चाहे जो हो, लेकिन शासन द्वारा लगाए जा रहे सुशासन तिहार का पहला दिन खाली ही रहा। 70 वार्डों में लगाए गए इस शिविर में शाम तक अधिकांश जगह केन्द्र सूने ही रहे। कुछ केन्द्रों में इक्का-दुक्का आवेदन पहुंचे तो कई जगहों पर खाता तक नहीं खुला था। जनता की उदासीनता साफ दिखाई दी। जो कुछ आवेदन पहुंचे भी तो उसमें नालियों पर स्लैब नहीं होना, नालियों की सफाई नहीं होना और सड़क मरम्मत की मांग अधिक थी। पेंशन और जाति प्रमाण पत्र को लेकर भी एक दो आवेदन किए गए। पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से सुशासन तिहार 2025 शुरू हो गया। इसके तहत बिलासपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी 70 वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। पहले चरण में लोगों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन लिए जा रहे हैं।

- सुबह 10 से 5 बजे तक खाली बैठे रहे कर्मचारी

जिला पंचायत सीईओ ने शिविरों का लिया जायजा

सुशासन तिहार के तहत जिले की सभी 486 ग्राम पंचायतों, नगर निगम, नगरीय निकायों और जिला मुख्यालयों में भी आवेदन लिए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ और ग्रामीण क्षेत्रों के नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल ने खजूरी नवागांव, काठाकोनी, हिर्री आदि विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर आवेदन लेने की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने मौजूद महिलाओं और लोगों से बातचीत की। लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अपनी मांगों और आवेदन प्रस्तुत करने को कहा है। आवेदन का प्रारूप दल के पास उपलब्ध है।

नदारद सीडीपीओ को नोटिस

कलेक्टर अवनीश शरण ने सुशासन तिहार की ड्यूटी से नदारद सकरी के परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती अनुराधा आर्य को शो कॉज नोटिस जारी किया है। श्रीमती आर्य की ड्यूटी तखतपुर विकासखण्ड के काठाकोनी पेण्डारी क्लस्टर में प्रभारी के रूप में लगाई गई है। निरीक्षण के दौरान सबेरे 10 बजे वे गैरहाजिर पाई गई। कलेक्टर ने जारी नोटिस में कहा है कि शासन के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में गैरमौजूदगी कार्य के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है।

पहले दिन मिले 7769 आवेदन

सुशासन तिहार के अंतर्गत आवेदन लेने का सिलसिला आज से शुरू हो गया है। पहले दिन आज ग्रामीण क्षेत्रों में 7769 आवेदन दिए गए। इनमें 7561 मांग और 208 शिकायत से संबंधित हैं। सबसे ज्यादा 3966 आवेदन तखतपुर विकासखंड से आए हैं। इसके बाद 1765 मस्तूरी, 1711 बिल्हा और मात्र 327 कोटा ब्लॉक से प्राप्त हुए हैं। शिकायतों से ज्यादा ध्यान लोगों की मांग पर है। ग्राम पंचायतों में 11 अप्रैल तक आवेदन लिए जाएंगे। वहीं अलग-अलग समस्याओं के लिए अलग अलग आवेदन लिए जा रहे हैं।

शिविरों की हालत

वार्ड 16 विष्णु नगर, प्राथमिक शाला कुदुदण्ड गायत्री मंदिर के पास लगाए गए शिविर में दोपहर एक बजे तक 3 आवेदन पहुंचे थे। वार्ड 17 नेहरू नगर, शेफर स्कूल परिसर, मुंगेली नाका के शिविर में दोपहर डेढ़ बजे तक एक ही आवेदन किया गया था जो कि नालियों की सफाई को लेकर था। वार्ड 22 अम्बेडकर नगर के शासकीय उच्च माध्य. शाला राजेन्द्र नगर में दोपहर ढाई बजे तक एक भी आवेदन नहीं किया गया था।

बिजनेस प्लस

डिप्टी सीएम ने की हेवेंस ग्रीन सिटी मंदिर में श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा

बिलासपुर। रायपुर रोड में काली ढाबा के सामने स्थित जीकेग्रुप (बिल्डर एंड कॉलोनाइजर्स) का प्रोजेक्ट लोगों को प्रभावित कर रहा है। यही कारण है कि लोग एक बेहतर घर का सपना लेकर इस ग्रुप के साथ जुड़ रहे हैं। रामनवमी पर सोमवार की शाम को हेवेंस ग्रीन सिटी में स्थित मंदिर में भगवान श्री राम और अन्य देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक बिल्हा धरमलाल कौशिक और शहर विधायक अमर अग्रवाल के अलावा महापौर पूजा विधानी की मौजूदगी में इस मंदिर का शुभारंभ किया गया। इस दौरान डिप्टी सीएम श्री साव ने सभी श्रद्धालुओं को इस नए मंदिर और भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम हम सभी के आदर्श हैं और आज मंदिर में उनकी प्राण प्रतिष्ठा कर उन्हें बेहद प्रसन्नता हो रही है। इस मौके पर जीके ग्रुप के हेमंत मेघराज जीवनानी ने बताया कि उनका यह दूसरा प्रोजेक्ट है, जिसमें लगातार ग्राहकों का प्रतिसाद मिल रहा है। कॉलोनी में रहने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का ध्यान रखते हुए उन्होंने एक बेहतरीन कलात्मक मंदिर की स्थापना की है, ताकि यहां रहने वाले लोगों की आस्था और श्रद्धा बनी रहे। पूजा पाठ के लिए यहां के निवासियों को दूर कहीं आना-जाना ना पड़े। इसलिए उन्होंने अपनी इस कॉलोनी में तमाम तरह की सुविधाओं के साथ-साथ मंदिर की भी स्थापना कर उसमें भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा कराई है। कार्यक्रम के दौरान जीके ग्रुप से जुड़े मेघराज जीवनानी, सूरज जीवनानी सहित परिवार के तमाम सदस्य, क्रेडाई के पदाधिकारी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी, सेंट्रल सिंधी पंचायत के पदाधिकारी एवं प्रतिष्ठित सदस्य, ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे।

रोबोटिक सर्जरी यूनिट का लोकार्पण

बिलासपुर। किम्स सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में अंचल का प्रथम रोबोटिक सर्जरी यूनिट का लोकार्पण प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, पूर्व उप नेता प्रतिपक्ष राजेश सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर किम्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती वाय कमला व डायरेक्टर वाय. रवि शेखर उपस्थित रहे।

खाटू श्याम भजन संध्या में वर्षा देंगी प्रस्तुति कल

बिलासपुर। आगामी 10 अप्रैल गुरुवार को शाम 7.30 बजे से खाटू श्याम भजन संध्या उपकार का आयोजन बालानी हॉस्पिटल के बाजू में शुभम विहार मेन रोड में रखा गया है। कार्यक्रम के आयोजक दादूराम ट्रेडर्स एवं संकट मोचन इंफ्रास्टेट हैं। इस भजन संध्या में मुंबई के सुप्रसिद्ध गायक प्रमोद त्रिपाठी, कोलकाता के जाने माने भजन गायक शुभम रूपम एवं हरियाणा की सुप्रसिद्ध भजन गायिका वर्षा गर्ग अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम के आयोजक एवं संकट मोचन इंफ्रास्टेट के डायरेक्टर अमित अग्रवाल ने बताया कि उपकार भजन संध्या की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आयोजन की भव्यता एवं श्याम भजन प्रेमियों के उत्साह को देखते हुए कार्यक्रम में सारी व्यवस्थाएं विशेष रूप से की गई है। आयोजन में छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य प्रांतों से भी श्याम प्रेमी आएंगे। इस के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। भव्य पंडाल, बैठने की व्यवस्था, पानी की व्यवस्था, सभी श्याम प्रेमियों के लिए भोग प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है।

सेंट जेवियर्स में अंतरिक्ष और संचार की दुनिया विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन

बिलासपुर। व्यापार विहार स्थित सेंट जेवियर्स हाईस्कूल 7 व 8 अप्रैल को अंतरिक्ष और संचार की दुनिया विषय पर दो दिवसीय सेमिनार एवं हैंड्स-ऑन गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय द्वारा ओजोन सेंटर फार एडवेंचर स्पोर्टस एण्ड पर्सनालटी डेवलमेंट की संयोजक आस्था देशमुख के सहयोग से हुआ। जिसका नेतृत्व बीए सुब्रमणि, सेवानिवृत्त स्पेस एनवायरनमेंट सिमुलेशन इंजीनियर (यूआर राव सैटेलाइट सेंटर, बेंगलुरु) द्वारा किया गया, जिन्होंने छात्रों को स्पेस कम्युनिकेशन और हैम रेडियो के क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव प्रदान किए। सेमिनार के दौरान छात्रों ने रियल टाइम सैटेलाइट ट्रैकिंग, सिग्नल रिसीविंग एवं डिकोडिंग, अमैच्योर रेडियो और ओपन-सोर्स सैटेलाइट्स से डेटा प्राप्त करने जैसी शैक्षणिक तकनीकों में भाग लिया। 8 अप्रैल को सुबह 10:40 बजे, मध्य भारत में पहली बार सेंट जेवियर्स में छात्रों ने स्कूल के मैदान में एनओएए सैटेलाइट को सफलतापूर्वक ट्रैक और डिकोड किया। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर सुश्री लेखाश्री पटनायक, प्रिंसिपल डॉ. बीबी महाता, उप-प्राचार्य रंजन बहादुर एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती ए. लालिता उपस्थित रहीं। चेयरमेन कम मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जी. एस. पटनायक के प्रेरणा से संभव हो सका। सभी ने सुब्रमणि एवं आयोजक मंडल का स्वागत किया।

एजुकेशन प्लस

सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने किया आईआईटी कानपुर का शैक्षणिक भ्रमण

बिलासपुर। एलसीआईटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों ने 2 से 3 अप्रैल को आईआईटी कानपुर उत्तर प्रदेश का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व डॉ. भूमिका दास, आशीष विवेक सुख ने किया। छात्रों ने आईआईटी कानपुर के विभिन्न अत्याधुनिक अनुसंधान प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया। इस दौरान छात्रों ने संरचनात्मक विश्लेषण, निर्माण तकनीकों, अनुसंधान मॉडल्स एवं अन्य उन्नत प्रयोगों का गहन अध्ययन किया। इस यात्रा ने छात्रों की तकनीकी समझ को सुदृढ़ करने के साथ-साथ उन्हें नवाचार और शोध की संभावनाओं से भी रूबरू कराया। आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर पी. घोष और असिस्टेंट प्रोफेसर सीके साहू ने बच्चों को नई तकनीक और शोध कार्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रोफेसर कांतेश बलानी और विनय त्रिपाठी का विशेष योगदान रहा। वाइस प्रिंसिपल, शुभी श्रीवास्तव और सेक्रेटरी उपकार राय, चेयरमैन प्रमोद कुमार जैन और वाइस चेयरमैन अंकित जैन ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

अपोलो पर कार्रवाई के लिए थाने पहुंचे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अपोलो के फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम के बेनकाब होने के बाद जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी के नेतृत्व में सरकंडा थाना पहुंचकर अपोलो प्रबन्धन के विरुद्ध हत्या और षड्यंत्र की धारा के तहत कार्रवाई करने की मांग की। इसमें कहा गया कि उक्त फर्जी डॉक्टर ने पूर्व विधानसभा स्पीकर स्व राजेन्द्र शुक्ल सहित अन्य लोगों के हृदय का ऑपरेशन किया। इसमें राजेन्द्र शुक्ल सहित अन्य लोगो की मृत्यु हो गई।

यह एक सुनियोजित हत्या है, जिसमे डॉक्टर सहित अपोलो प्रबन्धन भी उतना ही दोषी है। अपोलो प्रबन्धन की लापरवाही है कि डाक्टर की डिग्री की जांच नहीं की गई।

डॉक्टर के साथ अपोलो प्रबंधन की सांठगांठ

कांग्रेस की ओर से थाने में की गई शिकायत में कहा गया है कि डॉक्टर के इलाज के बाद मरीजों की मृत्यु अचानक बढ़ जाने के बाद भी प्रबन्धन द्वारा समुचित कार्रवाई नहीं की गई। डाक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं कराना भी प्रबंधन के साथ सांठगांठ और गम्भीर साजिश को व्यक्त करता है। कांग्रेस ने कहा है कि अपोलो प्रबन्धन उक्त डॉक्टर के विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई करता तो और मौतों को रोका जा सकता था। अपोलो प्रबन्धन ने लेकिन अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई। कांग्रेस ने फर्जी डॉक्टर नरेंद्र विक्रमादित्य यादव उर्फ नरेंद्र जान केम, डॉ प्रताप रेड्डी ,चैयरमेन अपोलो हॉस्पिटल, प्रीथा रेड्डी, एजीकेटिव्ह चैयरमेन अपोलो हॉस्पिटल, डॉ मनीष मट्टू, रिजनल हेड अपोलो हॉस्पिटल, अर्णव राहा,यूनिट हेड बिलासपुर अपोलो हॉस्पिटल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस दौरान विधायक दिलिप लहरिया, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, पूर्व विधायक रश्मि आशीष सिंह , राजेंद्र साहू, प्रवक्ता ऋषि पांडेय, आदित्य दीक्षित, समीर अहमद, शेख निजामुद्दीन ने सरकंडा थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा।

डीजीपी से मिले पूर्व विधायक पांडेय

नगर विधायक शैलैष पाण्डेय ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ के डीजीपी से मिलकर अपोलो प्रबंधन के खिलाफ जांच की मांग की है। श्री पांडे ने स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद शुक्ला की मौत के मामले में दोषी अपोलो प्रबंधन तथा चिकित्सक नरेंद्र विक्रमादित्य यादव के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग को लेकर प्रदेश शासन के डीजीपी अरुण देव गौतम से मुलाकात की। पूर्व विधायक ने डीजीपी के समक्ष मांग रखी है कि 19 साल पहले हुए इस पूरे मामले में तीन बड़े आईपीएस अफसरों की कमेटी बनाकर इस मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। अपोलो प्रबंधन और डॉक्टर की नियुक्ति करने वाले अधिकारी एवं अपोलो अध्यक्ष सहित तत्कालीन अपोलो प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। डीजीपी श्री गौतम ने इस मामले पूरे मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर दुर्ग में

बिलासपुर। रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर दुर्ग के रोमन पार्क में रोटरी क्लब भिलाई ग्रेटर द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 12 व 13 अप्रैल को किया जाएगा। रोटरी डिस्ट्रिक्ट मीडिया चैयरमैन रोटे नितिन जैन एवं को-चैयरमैन रोटे डॉ संजय दुबे ने बताया कि इस दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्यों को आगे बढ़ाने पर गहन चर्चा की जाएगी। शिविर में वर्ष 2025-26 के निर्वाचित रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित जयसवाल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उड़ीसा के 150 से अधिक रोटरी क्लब के अध्यक्ष, सचिव के साथ 500 से अधिक रोटेरियन भाग लेंगे। कार्यक्रम में पूर्व प्रांतपाल एवं राज्यसभा सांसद रोटे विवेक तन्खा, पूर्व प्रांतपाल कमल संघवी, नेपाल से रोटे बासुदेव गोलियन, भुवनेश्वर से रोटे देवाशीष मिश्रा आदि शामिल होंगे।

हरिभूमि

बिलासपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

आयोजन

विश्व नवकार महामंत्र जाप दिवस आज

बिलासपुर। देश व विदेश में जीटों चैप्टर्स द्वारा बुधवार 9 अप्रैल को विश्व नवकार महामंत्र जाप दिवस मनाया जा रहा है। जिसका आयोजन दिगंबर समाज द्वारा क्रांति नगर व सरकंडा स्थित मंदिर में, तेरापंथ समाज व श्वेतांबर समाज द्वारा लिंक रोड और गुजराती समाज द्वारा टिकरापारा में किया जाएगा। जैन श्वेतांबर समाज के सदस्य मुकेश जैन द्वारा लिंक रोड में जाप का आयोजन किया जा रहा है।

दिगंबर, तेरापंथ, गुजराती, श्वेतांबर जैन समाज के सदस्य करेंगे महामंत्र का जाप

जिसमें श्री जैन श्वेतांबर, श्री संघ एवं तेरापंथ समाज के सदस्य एक साथ मिलकर जाप में भाग लेंगे। जैन सभा अध्यक्ष दीपक जैन ने बताया कि पूरे विश्व में नवकार महामंत्र का जाप 9 अप्रैल को किया जा रहा है, जिसमें सर्व समाज हिस्सा ले रहा है। बिलासपुर समाज भी इसमें तत्परता के साथ हिस्सा लेने जा रहा है, जिसमें सरकंडा जैन मंदिर में सामूहिक जाप किया जाएगा। गुजराती जैन समाज टिकरापारा द्वारा नवकार दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें गुजराती जैन समाज के सभी धर्मप्रिय श्रावक श्राविका मिलकर नवकार मंत्र का सामूहिक जाप सुबह 8 बजे से 9:30 बजे तक निरंतर करेंगे। उसके पश्चात चार लोगस्य का कावसक फिर मांगलिक पाठ किया जाएगा। यह नवकार मंत्र का जाप पूरे विश्व के 120 देश में एक साथ किया जाने वाला है। गुजराती जैन समाज में महान तपस्या आयंबिल ओली की जा रही है, जिसमें समाज के श्रावक श्राविका तप-तपस्या करके धर्म लाभ ले रहे हैं। यह महान कार्य गुजराती, जैन समाज के प्राण महिला मंडल द्वारा कराया जा रहा है। इस आयंबिल ओली तप में 24 घंटे में एक ही बार खाना खाते हैं और इस खाने में सभी वस्तुएं उबली हुई एवं बिना तेल मसाले की बनी हुई रहती है।

भीषण गर्मी में कानन जू के वन्यप्राणी हो रहे कूल-कूल

मांसाहारी केज में कूलर और शाकाहारी केज में स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव

भीषण गर्मी में कानन पेण्डारी जू के अंदर वन्यप्राणियों के जतन की पूरी कोशिश की जा रही है। इसके तहत मांसाहारी वन्यप्राणियों के केज में कूलर और शाकाहारी वन्यप्राणियों के केज में स्प्रिंकलर से पानी का छिड़काव करने के साथ ग्रीन नेट भी लगाए गए हैं, ताकि गर्मी में वन्यप्राणियों को राहत मिल सके।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अप्रैल के पहले सप्ताह से भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। दोपहर की तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण लोग अपने घरों से निकलना नहीं चाह रहे हैं। गर्मी में कानन पेण्डारी पर्यटन केन्द्र के अंदर रहने वाले वन्यप्राणियों को भी काफी परेशानी होती है। भीषण गर्मी से बचाव करने के लिए कानन प्रबंधन ने सभी वन्यप्राणियो के लिए अलग-अलग व्यवस्था की है। इसमें मांसाहारी वन्यप्राणी यानि लायन, टाइगर व अन्य के लिए बनाए गए केज में कूलर, पंखे और खस लगाए गए हैं, जिसमें पानी लगातार भरा जाता है। इसके अलावा पक्षियों के केज में खस लगाया गया है, जिसमें प्रतिदिन तीन से चार बार पानी का छिड़काव होता है। सबसे अधिक पानी मांसाहारी वन्यप्राणियों के केज में उपयोग हो रहा है। टाइगर और तेंदुआ के केज में पाइप से चार से पांच बार पानी डाला जाता है। वहीं चीतल, नील गाय सहित अन्य शाकाहारी वन्यप्राणियों के केज में स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जिसमें लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

यह भी की गई व्यवस्था

- इंक्लोजर के ऊपर 70 से 90 फीसदी छाया वाले ग्रीन नेट लगाए गए हैं।
- पक्षियों के केज में ग्रीन नेट के साथ खस घास की चटाई लगाकर प्रेशर पंप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है।
- सांप के केज में गेहूं की बुआई कर जवारा तैयार किया गया है।
- रेस्क्यू केन्द्र में वन्यप्राणियों के शावकों के लिए कूलर लगाए गए हैं।
- जू के वन्यप्राणियों को ठंडक पहुंचाने के लिए ग्रीन शेड व खस की पूरी व्यवस्था की गई है।

धूप से बचने पेड़ का सहारा

भीषण गर्मी का असर वन्यप्राणियों पर भी हो रहा है। वन्यप्राणी गर्मी और दोपहर की तेज धूप से बचने के लिए पेड़ का सहारा लेने लगे हैं। घास मैदान मे विचरण करने वाले वन्यप्राणी सांभर केज के बाहर पेड़ पौधो के नीचे दिनभर बैठे रहते हैं। भालू के बाड़े में पत्तेदार पेड़ अधिक हैं। वह धूप तेज होते ही पेड़ पर चढ़ जाते हैं। अन्य वन्यप्राणी भी पेड़ की छांव में आराम करते हुए दिखाई देते हैं।

श्रद्धांजलि

महिला सशक्तिकरण के लिए जीवन किया समर्पित

बिलासपुर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतन मोहिनी का मंगलवार को दोपहर में परलोकगमन हो गया। दादीजी 101 वर्ष की थीं। ब्रह्माकुमारीज़ बिलासपुर की मुख्य शाखा राजयोग भवन सेवा केंद्र की संचालिका बीके स्वाति दीदी ने बिलासपुर ब्रह्माकुमारीज परिवार के सभी भाई-बहनों की ओर से दादीजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। 10 अप्रैल को दादीजी के पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया जाएगा। स्वाति दीदी ने बताया कि नारी शक्ति के सबसे बड़े संगठन ब्रह्माकुमारीज़ की मुखिया राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी स्थापना से लेकर आज वटवृक्ष बनने की साक्षी रहीं हैं। दादीजी का जन्म 25 मार्च 1925 को सिंध हैदराबाद में हुआ था। 1937 में मात्र 13 वर्ष की आयु में ही ब्रह्माकुमारीज से जुड़ीं और पूरा जीवन समाज कल्याण में समर्पित कर दिया। राजयोग मेडिटेशन उनकी दिनचर्या में शामिल रहा। बचपन से आध्यात्म के प्रति लगन और परमात्मा को पाने की चाह में उन्होंने विश्व शांति और नारी सशक्तिकरण की मुहिम में खुद को झोंक दिया। ब्रह्माकुमारीज़ की स्थापना से लेकर आज तक 87 वर्ष की यात्रा की वे साक्षी रही हैं। दादीजी के नेतृत्व में 50 हजार ब्रह्माकुमारी पाठशाला संचालित है।

बिलासपुर परिवार की ओर से श्रद्धा सुमन अर्पित

गर्मी से परिंदों को बचाने घर की छतों पेड़ों में पक्षी प्रेमी लगा रहे घोंसला



बढ़ रही है घरों की सुंदरता

हर साल गर्मी और पानी की कमी के कारण बड़ी संख्या में पक्षी मारे जाते हैं, जिसे देखते हुए लोग मिट्टी, लकड़ी, रस्सी और पैरा से बने घोंसले खरीद रहे हैं। इन घोंसलों को स्थापित करने से न केवल पक्षियों को ठंडक मिल रही है, बल्कि घरों की सुंदरता भी बढ़ रही है। बालकनी के लिए साधारण रस्सी और पैरा के घोंसले तो वहीं आंगन में लकड़ी के घोंसले लगाए जा रहे हैं, जिससे पक्षियों के लिए सुरक्षित ठहराव और दाना-पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है।

दाना-पानी की तलाश में पहुंच रहीं गौरैया और बुलबुल

बिलासपुर। झुलसती गर्मी में पक्षियों की जान बचाने के लिए पशु-पक्षी प्रेमियों ने घर, ऑफिस और सड़कों पर दाना-पानी की व्यवस्था शुरू कर दी है। बाजारों में बिक रहे कृत्रिम घोंसले अब पक्षियों को तेज धूप से बचाने का काम कर रहे हैं, जिन्हें लोग घर की बालकनी, आंगन और छतों पर लगा रहे हैं।

बढ़ती गर्मी के मद्देनजर पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए लोग घर की छतों पर दाना और पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। नेहरूनगर निवासी अरूण सोनी ने बताया कि घर की छत पर मिट्टी के बर्तन में पानी और दाना रखा है, साथ ही गर्मी से बचने के लिए एक छोटा छत भी तैयार की गई है। बीला साव ने बताया, गर्मी की समस्या को देखते हुए यह व्यवस्था की गई है। पशु पक्षियों की देखरेख करना हमारी जिम्मेदारी है और उनका बचाव करना बहुत जरूरी है। वहीं कृष्णानगर निवासी देवेंद्र कुमार साहू ने भी घर पर पक्षियों के लिए घोंसला और पानी के लिए मटकी रखी है। उन्होंने बताया, प्रत्येक वर्ष हम पशु-पक्षियों के लिए ठहरने और दाना-पानी की व्यवस्था करते हैं।

बाजार में 400 तक मिल रहे हैं घोंसले

इस बार बाजार में लकड़ी के बर्ड हाउस और छोटे और बड़े पक्षियों के लिए विभिन्न आकार के घोंसले उपलब्ध है। इनमें खासतौर पर छोटे आकार के घोंसलों की अधिक मांग देखी जा रही है। दुकान संचालक राकेश गुप्ता के अनुसार इन घोंसलों को प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों से मंगवाया जाता है, जिनकी कीमत 200 से 400 रुपए तक है। इसका निर्माण लकड़ी, बांस और घास की मदद ली गई है।

दिनभर पक्षियों की चहचहाहट

कृत्रिम घोंसला रखने से घरों में सुबह व दोपहर के वक्त पक्षियों की चहचहाहट की आवाज सुनाई दे रही है। ज्यादातर लोगों ने एक पेड़ में 5 से अधिक घोंसले लटका दिए हैं। जिसमें हर तीसरे दिन दाना-पानी रखते। कई पक्षियों ने अपना स्थायी आशियाना भी बना लिया है। कृत्रिम घोंसलों में विलुप्त हो रही गौरैया के अलावा मैना, तोता व बुलबुल समेत अन्य पक्षी पहुंच रहे हैं।

धर्म-क्षेत्र

राम के जीवन चरित्र पर आधारित भजन ने मोहा मन

बिलासपुर। आर्य समाज वसुंधरा विहार बहतराई रोड में मनाया मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में यज्ञ, हवन किया गया। बहन संध्या शर्मा और बालक सार्थक चावला ने भगवान श्रीरामचंद्र के जीवन चरित्र पर आधारित भजन पेश कर सभी का मन मोह लिया। आर्य समाज के उपाध्यक्ष डॉ प्रेमांकुर गुप्ता ने बताया कि चित्र की अपेक्षा चरित्र की पूजा करेंगे तभी राम राज्य का सपना साकार हो सकता है। आचार्य जयदेव शास्त्री ने श्रीराम के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान राम मर्यादाओं में जीते थे। उन्होंने अपने जीवन में कभी कोई मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया। मर्यादा संविधान अर्थात वेद है। वेद हमारे सृष्टि का संविधान है। वेद में सब सत्य विद्या है। गृहस्थ जीवन, राज धर्म, पति धर्म, पुत्र धर्म, पिता धर्म सभी कर्तव्यों का बोध वेद से होता है। भगवान राम ने वेदों को पढ़ा था और वेदों के अनुसार ही संपूर्ण जीवन मर्यादित जिया था। वे यदि मर्यादाओं का पालन नहीं करते, मर्यादित नहीं होते तो आज उनकी पूजा नहीं होती। रामायण भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र है। राम का जीवन मनुष्य के जीवन में सत्य, त्याग, मर्यादा धर्म का पालन, परोपकारमय जीवन जीना सिखाता है। यदि हम इन गुणों को अपने जीवन में धारण करते हैं तो राम तो नहीं लेकिन राम के कुछ अंश अपने जीवन में आ सकते हैं।

आर्य समाज वसुंधरा विहार ने किया यज्ञ, हवन

कामदा एकादशी पर भगवान श्याम का फूलों से श्रृंगार

बाजे-गाजे के साथ निकाली गई निशान यात्रा, भक्तों ने अर्पित किए 151 निशान

कामदा एकादशी पर घोंघाबाबा मंदिर परिसर स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को भगवान श्याम का 71 किलो फूलों से विशेष श्रृंगार कर पूजा की गई। राम मंदिर तिलकनगर से बाजे-गाजे के साथ एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। मंदिर पहुंच कर भक्तों ने 151 निशान अर्पित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

श्याम मंदिर ट्रस्ट के मंगतराय अग्रवाल ने बताया कि निशान यात्रा राम मंदिर तिलक नगर से निकल कर देवकीनंदन चौक, सिम्स चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। मंदिर में श्याम भक्तों ने निशान अर्पित कर मनोकामना पूर्ण करने की कामना की। वहीं भगवान श्याम का गुलाब, आरकिड व सेवंती के फूलों से विशेष श्रृंगार किया गया। श्रृंगार के बाद भक्तों ने भगवान का दर्शन किया। दर्शन का यह क्रम रात तक चलता रहा। शाम को भजन गाए गए। निशान यात्रा में ट्रस्ट के सदस्यों के अलावा श्याम भक्त भारी संख्या में शामिल होकर भगवान श्याम के प्रति अपनी आस्था जताई।

भगवान विष्णु की पूजा कर रखा गया व्रत

कामदा एकादशी का काफी महत्व होता है, इसलिए कई लोगों ने एकादशी व्रत काफी शुभ योगों में रखा। माना जाता है कि भगवान विष्णु की पूजा करने से कई गुना अधिक फल की प्राप्ति होती है। साल में कुल 24 एकादशियां पड़ती है। इसमें हर माह के शुक्ल और कृष्ण पक्ष पर एक-एक एकादशी शामिल रहती है। इसी क्रम में चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को कामदा एकादशी का व्रत रखा गया। कामदा एकादशी पर भगवान विष्णु के साथ वासुदेव की पूजा करने का विधान है। इस दिन भगवान विष्णु की विधिवत पूजा करने से हर तरह के दुख-दर्द से निजात मिलती है। सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस साल कामदा एकादशी पर रवि योग व सर्वार्थ सिद्धि योग रहा।

मानी जाती है काफी फलदायी

कामदा एकादशी का व्रत रखना बहुत फलदायी मानी जाती है। यह व्रत पापों से मुक्ति दिलाता है। कामदा नाम का अर्थ इच्छाओं को पूर्ण करने वाली है। इस व्रत का पालन करने और भगवान विष्णु से प्रार्थना करने से उनकी न्यायोचित और सच्ची इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। कामदा एकादशी चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन रखा जाता है। यह व्रत भगवान विष्णु को समर्पित है। इस एकादशी को फलदा एकादशी के नाम से भी जाना जाता है।



कैनवास पर साक्षी उकेरती हैं जीवंत चित्र

बिलासपुर। पेंटिंग के क्षेत्र में गौतम सुनिता कौशिक की बेटी साक्षी अपनी एक अलग पहचान बना रही हैं। पेंटिंग के माध्यम से वह सकारात्मक तस्वीर सामने लाती है। जिसे लोग काफी पसंद भी कर रहे हैं। वह कोई भी पेंटिंग महज 30 से 45 मिनट में बना देती है।

सामान्य परिवार से ताल्लुक रखने वाली साक्षी कौशिक नगोई भगवान श्रीराम व हनुमान की पेंसिल से स्केच बनाकर लोगों को आकर्षित कर रही है। साक्षी बताती है कि 5 साल में करीब 500 से भी अधिक पेंटिंग बना चुकी है। इसमें भगवान श्रीराम, शंकर, मां दुर्गा, काली मां, गणेश, श्रीकृष्ण सहित अन्य पेंटिंग शामिल है। कक्षा 11 वीं की छात्रा साक्षी बताती हैं कि वह पिछले 5 सालों से पेंटिंग के क्षेत्र से जुड़ी हुई है। साक्षी को इस मुकाम तक पहुंचाने में उसकी मम्मी शिक्षिका सुनिता कौशिक की अहम भूमिका है। उन्हीं की देखरेख में साक्षी ने पेंटिंग करना सीखा और आज वह चंद मिनटों में ही किसी भी इंसान की तस्वीर पेंसिल से बना देती है। इस पेंटिंग में बच्चों की मुस्कान के जरिए यह दिखाने की कोशिश करती हैं कि जीवन में कितनी भी कठिनाइयों का सामना क्यों न करना पड़े, यदि चेहरे पर मुस्कान है तो सभी चीजें खूबसूरत लगने लगती है। पेंसिल वर्क से सभी प्रकार की पेंटिंग बनाने में वह सिद्धहस्त है।

बचपन से है होनहार

साक्षी बचपन से ही अपने कक्षा में अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा दसवीं में 92 प्रतिशत लाकर अपने स्कूल व गांव का नाम रोशन किया। बिना कोचिंग के 92 प्रतिशत लाकर साक्षी ने साबित कर दिया कि गांव की बेटी भी मेरिट में जगह बना सकती है।

खबर संक्षेप

अष्टमी पर हुआ गौ नंदी भंडारा

पेंड्रा। गौ सेवा संघ पेंड्रा द्वारा नवरात्र अष्टमी तिथि पर गौ नंदी भंडारे का आयोजन किया गया। गौ सेवा संघ एवं गांव के समाजसेवियों ने गौ एवं नंदी को आहार ग्रहण कराया। अष्टमी के दिन गौ सेवा संघ के सदस्य दिनभर गौ माता की सेवा में लगे रहे। नगर वासियों ने गौ सेवा संघ के सदस्यों की इस पहल की सराहना की है।

प्राथमिक शाला जमुनाही में कन्या भोज कराया गया

लोरमी। शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में कन्या भोज कराया गया। सभी बच्चों को खीर पूड़ी सेव, केला मीठा खिलाया गया। उनसे आशिर्वाद लिया गया। जिससे बच्चे खुश नजर आए। तथा बच्चों को उपहार भेंट किया गया। इसके पूर्व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं शाला परिवार द्वारा महामाया मंदिर जाकर माता को प्रसाद भोग चढ़ाकर मत्था टेक पूजा अर्चना की गई एवं महाआरती में शामिल हुए। इस अवसर पर शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष मया राम निषाद, शाला के प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी धुव्र, उषा साहू, रसोईया ललिता यादव, जलेश्वरी निषाद, त्रिभुवन साहू सहित शाला परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

कलश यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण प्रारंभ

सेमरताल। ग्राम सेमरताल में रामनवमी पर अखंड नवधा रामायण की शुरुआत कलश यात्रा के साथ हो गई है। कलश यात्रा की शुरुआत पुरोहित रामफल द्विवेदी के मंत्रोच्चार, शंख ध्वनि और राम जयकारे के साथ हुई। कलशयात्रा की अगुवाई मुख्य यजमान रविन्द्र मिथलेश गहवई ने की। मनीष कौशिक, कामता प्रसाद धीवर दशरथ साहू, सुरेन्द्र पान्डेय, दिलीप कौशिक, मनसुख धीवर, घनश्याम धीवर सहित नवधा समिति के समस्त भक्तों ने कीर्तन गायन करते हुए गांव में भ्रमण किया। नवधा समिति के अध्यक्ष यदुनंदन कौशिक, उपाध्यक्ष अवधराम साहू, सचिव रविन्द्र नाथ गहवई, कोषाध्यक्ष चैतराम साहू, पाठ समिति प्रमुख रामावतार यादव, पंडा बसंत धीवर, श्रवण धीवर, मीडिया प्रभारी उमाशंकर साहू, मार्गदर्शक ओमप्रकाश वर्मा, सतीश धीवर, पवन धीवर, रामावतार साहू, घनाराम धीवर, जोगीराम साहू, सरजू साहू , द्वासीराम धीवर, अनिल वर्मा, अशोक साहू, और संजय विश्वकर्मा है। राम भोजनालय के प्रभारी सुनील धीवर, नरेंद्र यादव हैं।

35 किमी दौड़ कर कोटा से बिलासपुर पहुंचे रंजीत

करगीरोड/ कोटा। स्व भगवान सिंह पवार के पुत्र डॉ रंजीत सिंह पवार ने 58 साल की उम्र में अपनी उपवास साधना के माध्यम से विवेकानंद गार्डन बिलासपुर तक 35 किमी नंगे पांव दौड़ कर मैराथन पूरी की। डॉ पवार समाज सेवी होने के साथ-साथ गौ सेवा में भी प्रतिदिन समय देते हैं। वे वर्ष में दो बार नवरात्रि में मैराथन दौड़ते हैं। पूर्व में इन्होंने लोरमी तक 35 किलोमीटर दौड़कर मां काली के दर्शन किए थे। इस साधना का नियम है कि इसमें दौड़ के दौरान रुका नहीं जाता। पवार वॉलीबाल के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी होने के साथ-साथ एक अच्छे कोच हैं, जिन्होंने भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी तैयार किए हैं। ये हमेशा 40 से 48 डिग्री सेल्सियस में अपनी दौड़ का अभ्यास करते हैं।

खुली नाली में गिरी गाय, लोगों ने सुरक्षित बाहर निकाला

लोरमी। नगर के वार्ड 4 बाजार स्थल के पास खुली नाली में एक गाय गिर गई, जिसे वार्ड वासियों के द्वारा सुरक्षित बाहर निकाला गया। गौरतलब है कि खुली नालियों के कारण मवेशी एवं लोग आए दिन किसी ना किसी हादसे का शिकार होते रहते हैं। बाजार स्थल में नालियों का स्लैब टूट जाने से काफी वर्षों से नाली खुली पड़ी है, जो मवेशियों एवं नगर के लोगों के लिए खतरा बनी हुई है। गाय को नाली में गिरा देख रामु यादव, जितेन्द्र यादव, सागर रजक, नानू जायसवाल, पिंटू जायसवाल, दिलीप सुकरवारे, विजय चन्देल, चिरंचिवी गुप्ता, बंटी शर्मा आदि ने उसे बाहर निकालने की कोशिश में जुट गए एवं काफी मशक्क्त करने बाद गाय को नाली से निकाला गया।

स्कूल भवन जर्जर, शिक्षकों की कमी से संकट में बच्चों का भविष्य

बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे घुंडूकापा के ग्रामीण

जरहागांव। घुंडूकापा मुंगेली जिले का एक ऐसा गांव है, जहां के लोग बिजली, पानी, शिक्षा एवं सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में कई तरह की परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दो माह से गांव में बिजली केवल नाम मात्र के लिए ही आती है। टीवी, कूलर, पंप चलना तो दूर की बात है, 40 वोल्टेज का बल्ब भी जीरो वोल्टेज की तरह जलता है। हालात ऐसे हैं कि गर्मी के मौसम में यहां के ग्रमीणों को पानी एवं कूलर-पंखे के बिना गर्मी से जूझना पड़ रहा है।

मेन रोड से भठलीकला तक सड़क की हालत इतनी बदतर हो गई है कि इस पर चलना मुश्किल किसी चुनौती से कम नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि उसी सड़क से होकर लोग उप स्वास्थ्य केंद्र जाते हैं। बरसात के दिनों में कई बार पढ़ने वाले स्कूली बच्चे सड़क पर गिरकर घायल हो भी चुके हैं। उप स्वास्थ्य केंद्र की आरएचओ खुशबू सिंह कौशिक ने बताया कि जर्जर सड़क होने के कारण मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है।

वाटर लेवल डाउन

गर्मी के दिनों में वाटर लेवल डाउन हो गया है। जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में टंकी निर्माण कराया गई है। किस कारण से वहां पानी सप्लाई नहीं हो रही है, इसकी जांच कराई जाएगी।
- **कुंदन राणा,** कार्यपालन अभियंता, पीएचई मुंगेली

क्या कहते हैं ग्रामीण

गांव में पानी की किल्लत काफी बढ़ गई है, गांव की महिलाएं चिलचिलाती दोपहर में दूर-दूर तक पानी के लिए जाती हैं। गांव में जल जीवन मिशन के तहत आज तक पानी नहीं मिला है एवं जिनके घर बोर है बिजली के कारण वह भी बन्द पड़ा रहता है। जल जीवन मिशन केवल नाम के लिए है। घरों में लगी टोटियां में एक बूंद भी पानी नहीं आता।
- **नीतू मोहले,** ग्रामीण

प्राथमिक शाला की स्थिति बहुत खराब है, ना शिक्षक हैं, ना ही भवन। यहां के बच्चों का भविष्य अंधेरे में है। केवल एक शिक्षक के भरोसे स्कूल संचालित है। इसकी शिकायत कलेक्टर से भी की गई थी, लेकिन आज तक कोई झांकने नहीं आया। स्कूल मेन रोड के किनारे है, जहां बड़े-बड़े वाहन का चलते हैं। स्कूल में भवन नहीं होने के कारण बच्चे सड़क पर दौड़ते रहते हैं। इसकी जानकारी विभाग के पास है लेकिन विभाग इस पर संज्ञान नहीं ले रहा।
- **टेकलाल निर्मलकर,** ग्रामीण

गांव में बिजली की समस्या विकराल रूप लेते जा रही है। गांव में अंधेरे में नवरात्रि का पर्व मनाया जा रहा है। यहां बिजली का वोल्टेज हमेशा लो रहता है, जिनके कारण घर में रौशनी तक नहीं होती। कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन इस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया।
- **धरमलाल साहू,** ग्रामीण

पीडब्ल्यूडी के द्वारा सड़क बनाई गई है, जो जर्जर हो चुकी है। बरसात के दिनों में यहां चलना दूभर रहता है। पहले ट्रायसिकल से मरीजों को अस्पताल चले जाते थे लेकिन अब यह भी मुश्किल हो गया है। गांव में तालाब होते हुए भी नहाने के लिए बहुत परेशानी होती है। गांव के लोग बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं।
- **धर्मेंद्र निर्मलकर,** ग्रामीण

धूप में पानी के लिए भटकती महिलाएं

गर्मी की शुरुआत में ही गांव में पानी की किल्लत बढ़ गई है, एक तरफ बिजली नहीं तो दूसरी तरफ गांव में एक भी नल नहीं है। गांव में सभी के घरों में जल जीवन मिशन के तहत केवल नल की टोटियां लगाकर छोड़ दिया गया है। गांव की महिलाओं ने बताया कि गांव में पाइप लाइन नहीं बिछाई गई है।

स्कूल में अव्यवस्था और शिक्षकों की कमी

ग्रामीणों ने मिली जानकारी के अनुसार गांव में एक प्राथमिक स्कूल है जहां, कक्षा पांचवीं तक कक्षाएं संचालित हो रही हैं। लेकिन स्कूल का एक भवन जर्जर हो चुका है। ऐसे में देखने वाली बात है कि दो रूम में पांच कक्षाएं चलती होंगी होगी। इतना ही नहीं एक वर्ष से अधिक समय से स्कूल में केवल प्रधान पाठक के भरोसे चल रहा है।

तालाब सूखने से निस्तारी की समस्या

गांव में नल, हैंडपंप एवं पानी टंकी ने जवाब दे दिया है। साथ ही जो तालाब ग्रामीणों के लिए निस्तारी का माध्यम था वह भी इस बार सूख गया है। जिस जगह पर बोर चलता था वह भी बिजली के कारण बंद पड़ा है। ऐसे में गांव वाले अपनी किस्मत को कोस रहे हैं एवं परेशानियों से जूझ रहे हैं।

शिक्षक संघ ने सुशासन तिहार में ड्यूटी लगाने का किया विरोध

लोरमी। संकुल समन्वयक एवं शिक्षक संघ की ओर से सुशासन तिहार में उनकी ड्यूटी लगाने का का विरोध किया गया। मामले पर उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर, सुशासन तिहार की ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की।

एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में इन्होने यह उल्लेख किया है कि स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत संकुल समन्वयक एवं शिक्षकों की ड्यूटी 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक सुशासन तिहार कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत मुख्यालय में लगाई गई है। इससे स्कूल शिक्षा विभाग के महत्वपूर्ण कार्य बोर्ड परीक्षा का उत्तर पेपर मूल्यांकन में बाधा उत्पन्न हो सकती है। अर्थात इस कार्य से शिक्षक व संकुल समन्वयक को मुक्त किया जाए। केन्द्रीकृत बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य 7 अप्रैल से प्रारंभ हुआ है उसको 15 तक पूर्ण किया जाना है। ऐसे में अधिकांश शिक्षक व संकुल शैक्षिक समन्वयक की ड्यूटी सुशासन तिहार में लग जाने के कारण मूल्यांकन कार्य समय पर पूर्ण हो पाना संभव नही है। साथ ही ज्ञापन में इस बात का भी उल्लेख किया गया कि हाल ही में संपन्न हुई लोकल परीक्षाओं का मूल्यांकन भी किया जा रहा है एवं अंकसूची तैयार की जा रही है। ऐसे में इन कार्यों को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों को सुशासन तिहार की ड्यूटी से मुक्त रखा जाए।

इयूटी से मुक्त करने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पेंड्रा आगमन पर वृंदावन के ऋतेश्वर महाराज का स्वागत

पेंड्रा। श्री आनंदधाम पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर सदगुरु ऋतेश्वर महाराज मंगलवाक को अपने अल्प प्रवास पर पेंड्रा पहुंचे, जहां विश्व हिंदू परिषद के संयोजक स्वामी कृष्ण प्रपन्नाचार्य और जिलाध्यक्ष हर्ष छाबरिया के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान ऋतेश्वर महाराज ने सभी से मुलाकात कर आशीर्वाद दिया। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि भारत सनातन संस्कृति का देश है एवं सनातन संस्कृति वसुधैव कुटुम्बकम की बात करती है। यह संस्कृति सभी को अपना मानती है। भारत मे कई वर्षों तक सनातनियों का शोषण होता रहा, लेकिन मां भारती की कृपा से अब युवा सनातन से जुड़ रहा है। आज भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी सनातन धर्म फैल रहा है। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में बढ़ते धर्मांतरण को लेकर कहा कि लालच देकर लोगों का धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। धर्म हमें दया करना, सेवा और सहयोग करना सिखाता है।

जवारा विसर्जन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

दगोरी। चैत्र नवरात्रि पर्व पर ग्राम देवता माता चौरा में तथा बाजार चौक दुर्गा पंडाल में जवारा बोया गया था। अठवाही पूजा, हवन, कन्या भोज के बाद रामनवमी के दिन हजारों श्रद्धालुओं ने ग्राम के जनप्रतिनिधि, गणमान्यजनों महिलाओं, बच्चों की उपस्तिथि में मांदर की थाप पर गौरा विसर्जन गीत गाते हुए जीवन दायिनी ग्राम के बाबा तालाब में जवारा विसर्जन किया। ग्राम के बैगा दिलीप ध्रुव, गयाराम नेश्तो, भागवत जायसवाल, मनीराम साहू, विश्राम निषाद, मंत्रम निषाद ने ग्राम के प्रमुख लोगों की सलाह से सभी देवी देवताओं की आराधना मनौती पूजन पश्चात माता का विसर्जन किया। इस अवसर माई ज्योति कलश धारी में संतोषी ध्रुव, श्यामा गौरी, संत कौशिक, शारदा ध्रुव, सिद्धि कैवर्त, श्रद्धा कौशिक, साक्षी निषाद, स्वाति निर्मलकर, तृप्ति निषाद, मिलौटीन सेन, मोहनमती निषाद, गरिमा निषाद, अर्चना, रिया, आरती साहू इत्यादि के साथ ही महामाया समिति अध्यक्ष श्रवण कौशिक, दुर्गा समिति बाजार चौक अध्यक्ष शिवकुमार निषाद, समाज सेवी दशरथ सन्नाट, गंगा निर्मलकर, रामाधीन निषाद, सनत ध्रुव, पंच बहोरिक साहू, संतोष पारकर, क्रांतिशंकर निषाद, हरिराम कौशिक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

छबिसेन बने सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष

मस्तूरी। रविवार को मस्तूरी परिक्षेत्र के सरपंचों की बैठक हुई किया गया जिसमें सर्वसम्मति से ग्राम पंचायत कोहरौदा के सरपंच छबिसेन बंजारे को सरपंच संघ का ब्लॉक अध्यक्ष, हेमलता दीपक बंजारे को उपाध्यक्ष, ठाकुरदेवा के सरपंच केशव साहू को सचिव, गौरव सिंह चंदेल को कोषाध्यक्ष, चौहा सरपंच हुलेश राम खुंटे को सह सचिव एवं रैलहा के सरपंच रोशनी अरविंद सिंह डहरिया को संरक्षक बनाया गया। इस दौरान नवनिर्वाचित सरपंचों ने सचिव संघ के अनिश्चितकालीन चल रहे हड़ताल को लेकर पंचायत के कार्यों में आ रही रुकावट पर चिंता व्यक्त की एवं शासन-प्रशासन से इस हड़ताल का शीघ्र ही निराकरण करने की मांग की। सरपंच संघ की पदाधिकारियों व सदस्यों ने पंचायती राज व्यवस्था को लेकर शासन-प्रशासन की कार्यकलापों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर संतोष डोंगरे, सरोज रामेश्वर साहू, विश्ववामती मेघनाथ खांडेकर, ललिता लक्ष्मी प्रसाद यादव, आंचल नारायण सोल्डे, धनलाल भार्गव, अंजुला मीन कुमार काठले, शीला अश्वनी सिंह चंदेल, कविता साहेबलाल कुर्रे, प्रमिला कमल भार्गव, रेखा बाई सांडे सहित अन्य सरपंच उपस्थित रहे।

सुशासन तिहार का पहला दिन प्राप्त हुए 3966 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

सुशासन तिहार के प्रथम दिवस जनपद पंचायत तखतपुर में 3 हजार 9 सौ 66 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 93 शिकायत एवं 3 हजार 8 सौ 73 आवोदन मांग से संबंधित हैं। प्रदेश सरकार के द्वारा सुशासन तिहार मनाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत तखतपुर में 8 अप्रैल से हुई। उक्त अभियान से 11 अप्रैल चलेगा।

प्रथम दिन विखं के भरना में शिविर का आयोजन किया गया था, जहां काठाकोनी, पेण्ड्री, खजुरीनवागांव, चनाडोंगरी, बिनौरी, खम्हरिया, देवरीखुर्द, विंध्यासर, भिलौनी, लाखासार, चोरभठ्ठीकला, भाड़म, गनियारी, घोंघाडीह, बेलटुकरी, नेवरा, भुण्डा, पथरा, गोकुलपुर, भरारी, भकुर्रानवापारा, कपसियाकला, कपसियाखुर्द, बेलगहना, राजपुर, केकती, समडील, टांडा, लोखण्डी , पोंडी, घुटकू, निरतू, तुर्काडीह, लमेर, खरगहना, भरनी, परसदा, हांफा, देवरीकला, जोंकी, पेण्डारी, चोरभठ्ठीखुर्द पंचायत के लोगों ने अपनी मांग और समस्या से संबंधित आवेदन जमा किए। इस शिविर में 93 शिकायत के आवेदन दिए गए वहीं 3 हजार 8 सौ 73 आवेदन मांग से संबंधित हैं।

इन सभी आवेदनों को निराकरण कर संबंधितों को इसकी जानकारी दी जाएगी। सुशासन तिहार के संबंध में जानकारी देते हुए सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने बताया कि प्रथम चरण में लोगों से आवेदन लिया जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति छूट जाता है तो जनपद पंचायत में शिकायत और मांग की पेटी रखी गई है, जहां लोग अपनी शिकायत या मांग से संबंधित आवेदन दे सकते हैं।

सुशासन के तिहार से बढ़ी लोगों की उम्मीदें

बिल्हा। छत्तीसगढ़ शासन का महत्वपूर्ण अभियान सुशासन तिहार के तहत पूरे प्रदेश में दिनांक 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नगर पंचायत बिल्हा में 15 वार्डों के लिए तीन स्थानों पर शिविर का आयोजन किया गया।

वार्ड क्रमांक 1 से 5 तक के लिए नगर पंचायत कार्यालय भवन में शिविर लगाया गया। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 6 से 10 के लिए राम सप्ताह चौक वार्ड क्रमांक 6 में एवं वार्ड 11 से 15 के लिए वार्ड क्रमांक 12 आंगनवाड़ी में शिविर का आयोजन किया गया। पहले दिन ही लोगों में इस महत्वपूर्ण अभियान के प्रति जागरूकता और उत्साह देखने को मिला। साथ ही जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता ने बढ़-चढ़ कर शिविर में हिस्सा लिया। पहले दिन मंगलवार को नगर पंचायत बिल्हा के 15 वार्डों से कुल 171 आवेदन प्राप्त हुए, जिनके समाधान हेतु पर नियमानुसार की कार्रवाई की जा रही है।

बरेला में सुशासन तिहार की शुरुआत, रखी गई समाधान पेटी

जरहागांव। प्रदेश सरकार के मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं को सहज ढंग से रखने हेतु जिला प्रशासन के निर्देश पर नपं बरेला में अध्यक्ष नरेश पटेल एवं पार्षदों की उपस्थिति में सुशासन तिहार का शुभारंभ सीएमओ चन्द्रभूषण बांधे ने किया। नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने कहा कि शासन-प्रशासन स्तर पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर पात्र लोगों को लाभ दिलाने हेतु प्रभावी पहल करने के साथ समाधान पेटी रखई गई है, जिसमें जनता अपनी समस्याओं से संबंधित डाल सकेंगे। सीएमओ चंद्रभूषण बांधे ने बताया कि तीन चरणों में सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे एवं दूसरे चरण में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे चरण में शिविरों में आवेदकों को उनकी आवेदन की स्थिति की जानकारी दी जाएगी। शिविर में विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन उपलब्ध कराए जाएंगे। इस दौरान कई नगरवासियों ने अपना आवेदन समाधान पेटी में डाला। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों के सहित नगर के लोग मौजूद रहे।

सुशासन तिहार का पहला दिन, 102 आवेदन मिले

लोरमी। नगर पालिका क्षेत्र के चार स्थानों में सुशासन तिहार का तहत शिविर लगाया गया, जिसमें कुल 102 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवोदनों में 84 मांग एवं 18 शिकायतें संबंधित थे। सीएमओ लालजी चंद्राकर ने बताया कि शिविर कार्यालय नपा परिषद भवन में 3, मानस मंच के पास 24, रानीगांव शिविर में 17 एवं आगनबाड़ी राशन दुकान के पास 58 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों में सबसे ज्यादा आवोदन पीएम आवास के मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिकता के साथ आवेदनों को निराकरण कराया जाएगा।

कहीं बिजली का खंभा टेढ़ा तो कहीं लटक रहे हैं तार

बिजली विभाग की लापरवाही, जान जोखिम में डाल कर बिजली सुधार रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ लालपुर

विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली संबंधित समस्या का समाधान करने के लिए ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। कहीं बिजली का खंभा टेढ़ा है तो कहीं तार झुका हुआ है।

इन समस्याओं से परेशान ग्रामीण स्वयं बिजली सुधारने को मजबूर हैं। सेमरसल के मुख्य मार्ग के पास ट्रांसफार्मर लगा हुआ है, जहां से मोहल्ले में बिजली का कनेक्शन दिया गया है, लेकिन गांव में आए दिन अंधेरा छाया रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि बीते कई महीनों से बिजली के समस्या से गांव वाले जूझ रहे हैं। कई बार इसकी शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन इस पर किसी ने संज्ञान नहीं लिया।

हमेशा रहती है शिकायत

गांव में बिजली गुल रहने की शिकायत हमेशा रहती है, कई मोहल्ले के लोग अंधेरे में रहते हैं यहां अधिकांश समय बिजली का आना जाना लगा रहता है। इसको लेकर ग्रामीणों के द्वारा विद्युत विभाग में शिकायत की गई है।
-**राजकुमार अनंत,** सरपंच सेमरसल

विद्युत विभाग सबसे ज्यादा अड़ियल

अन्य विभागों में शिकायत के बाद कम से कम मामले पर संज्ञान लिया जाता है, लेकिन विद्युत विभाग का लोगों की शिकायतों से कोई लेना-देना नहीं है। गांव के रहने वाले सुनील मिश्रा ने बताया कि गांव में काफी दिनों से अंधेरा छाया रहता है, बिजली नहीं रहने से कूलर, पंखा एवं पंप जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग नहीं किया जा सकता। लिहाजा लोगों को गर्मी में पानी एवं हवा के लिए परेशान होना पड़ता है। ग्रमीण ने बताया कि कार्यालय में जानकारी देने पर भी कोई झांकने नहीं आता, लिहाजा गांव वाले स्वयं बिजली सुधार कार्य करने को मजबूर हैं। इस दौरान गांव के सुनील मिश्रा, भूपेंद्र पटेल, अन्नू, सीताराम आदि मौजूद रहे।

यातायात अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

थाना चिल्फी क्षेत्र के ग्राम पंचायत खैरवार खुर्द में यातायात जागरूकता अभियान एवं नशामुक्त, अपराधमुक्त ग्राम अभियान चला कर ग्रामीण युवाओं को जागरूक किया गया।

मुख्य सड़क मार्ग में बढ़ती दुर्घटना की रोकथाम के लिए रोड स्टापर लगाया गया। साथ ही गांव में मुख्य सड़क के आसपास लगने वाले हटरी बाजार को हटाकर बस्ती में विस्थापित किया गया। उक्त अभियान थाना चिल्फी प्रभारी हरीश साहू, सरपंच बिन्दु उत्तरा रात्रे खैरवार, ग्रामीण युवाओं एवं नागरिकों के सहयोग से संपन्न हुआ। ग्रमीणों की ओर से इस अभियान को सामान्य आमजनों को सुरक्षा प्रदान करने दुर्घटना को रोकने हेतु एक अच्छी पहल बताया गया।

8 -APR--REGNOL--pg-5-COMMAN_Layout 1 4/9/2025 12:08 AM Page 1

खबर संक्षेप

हिन्दू युवा मंच करेगा 12 को भंडारे का आयोजन

तखतपुर। बरेला में हिंदू युवा मंच द्वारा हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रैल को रूद्र नगर बरेला में दोपहर 3 बजे से भण्डारा का आयोजन किया गया है।

मृतक के परिजन के लिए सहायता राशि स्वीकृत

मुंगेली। विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम भटगांव निवासी हेमंत सोनवानी की मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया है। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार एसडीएम श्रीमती पार्वती पटेल ने तहसीलदार मुंगेली के प्रतिवेदन के आधार पर मृतक के पिता राधेश्याम सोनवानी को आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए और गंभीर रूप से घायल के परिजन को 10 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

हैंडबॉल क्लस्टर के लिए कांस्टेबल कमलकांत का चयन

लोरमी। ऑल इंडिया हैंडबाल

क्लस्टर के लिए कांस्टेबल कमलकांत टोंडे का चयन हुआ है। वे जिले के एकमात्र हैंडबॉल खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 5 बार ऑल इंडिया पुलिस मीट खेला है। कमलकान्त खेल संघ लोरमी के सदस्य हैं, जिनकी वर्तमान में पोस्टिंग तीसरी बटालियन, अमलेश्वकर में है।

सड़क हादसे में ठेका श्रमिक की मौत

कोरबा। सड़क हादसे में लैंको पावर प्लांट में ठेका श्रमिक के रुप में काम करने वाले एक युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आंछीमार निवासी विनोद पटेल 26 वर्ष पिता चेतन पटेल लेंको पॉवर प्लांट में ठेका कंपनी के अधीन ड्राइवर के रूप में कार्यरत था। सोमवार की रात जब वह ड्यूटी के बाद घर लौट रहा था तभी रात्रि लगभग 11 बजे भैंसमा कॉलेज के पास पहुंचा था कि एक तेज रफ्तार वाहन ने उसे ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि विनोद पटेल की शादी को एक साल भी नहीं हुई थी।

तीन जुआरी गिरफ्तार

कोरबा। पुलिस अधीक्षक के निर्देश में मंगलवार को ग्राम उमरेली में शराबभट्ठी के पास खेत में जुआ खेलने की सूचना पर मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी की गई। इस दौरान पुलिस ने तीन जुआरियों को गिरफ्तार किया जिनमें अंकित महंत निवासी कोरवा पारा त्रिमूर्ति टाकिज के पास जिला जांजगीर चांपा, चंद्रकांत देवांगन, निवासी देवांगन पारा हनुमान चौक चांपा, सनत कुमार यादव निवासी ईमलीडुग्गु संतोषी मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

निधन

मनी देवी अग्रवाल

बिल्हा। बिल्हा की प्रतिष्ठित मागरिक मनी देवी अग्रवाल का 8

अप्रैल को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार बिल्हा मुक्तिधाम में शाम 4 बजे किया गया। वे विनोद अग्रवाल, विजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल की माताजी थीं।

वृंदा बाई श्रीवास

करगी रोड कोटा। वार्ड नंबर 6 ठेंगा बाबा चौक निवासी वृंदा बाई

श्रीवास, पति स्व राम भरोस श्रीवास का 8 अप्रैल को 104 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार 9 अप्रैल बुधवार को सुबह 9 बजे कोटेश्वर मुक्तिधाम में किया जाएगा । वे सुदर्शन श्रीवास, विष्णु श्रीवास, किशुन श्रीवास, गणेश श्रीवास की मां और रामकृष्ण और राज की दादी थीं।

बिल्हा विधानसभा में हुआ भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन

संघर्ष से सत्ता तक का यह सफर समर्पित कार्यकर्ताओं के परिश्रम का परिणाम: कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के नेता।

भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सभी क्षेत्रों में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर विधानसभा बिल्हा के झूलेलाल भवन तिफरा में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंगलवार को सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, पूर्व मंत्री एवं विधायक अमर अग्रवाल क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र स्वन्नी, महापौर जिला बिलासपुर पूजा विधानी एवं युवा नेता देवेंद्र कौशिक शामिल हुए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया जिनकी मेहनत से आज पूरे देश में कमल खिला है और भारतीय जनता पार्टी देश के सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा प्राप्त किया है। इस अवसर पर श्री कौशिक ने कहा कि यह सम्मेलन न सिर्फ संगठनात्मक शक्ति का प्रतीक है, बल्कि उन कार्यकर्ताओं को सम्मान देने का अवसर भी है, जो निस्वार्थ भाव से पार्टी के सिद्धांतों और सेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। ₹संघर्ष से सत्ता तक₹ का यह सफर हमारे समर्पित कार्यकर्ताओं के परिश्रम और संगठन की दृढ़ विचारधारा का परिणाम है। आज हम सभी को यह संकल्प लेना है कि हम प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास₹ के मंत्र को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि आज 13.5 करोड़ से अधिक देशवासी भाजपा की नीतियों और सिद्धांतों से जुड़ चुके हैं तथा 10 लाख से अधिक सक्रिय कार्यकर्ता 'विकसित भारत' के निर्माण हेतु निरंतर परिश्रमरत हैं। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते एक दशक में देश ने विकास के अनेक नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। उनकी जनकल्याणकारी नीतियों ने समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इस मौके पर सम्मेलन के दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर 'विकसित भारत' के संकल्प को पुनः दोहराया।

हर क्षेत्र में कमल खिल रहा: अमर

इस अवसर पर पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा कि 1980 में जब भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई तब पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था सूरज निकलेगा, अंधेरा छटेगा और कमल खिलेगा। आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल है और केंद्र सहित देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों का कल्याण करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाकर उनके जीवन में बड़ा बदलाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटलबिहारी बाजपेयी के सपने को पूरा करने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा कर रहे हैं।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर दीपक सिंह जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल जिला अध्यक्ष पूजा विधानी महापौर नगर निगम बिलासपुर डॉ देवेंद्र कौशिक, नरेंद्र शर्मा कृष्ण कुमार कौशिक बृज भूषण वर्मा निश्चल गुप्ता मंडल अध्यक्ष उमाशंकर कश्यप इंद्रजीत सिंह क्षत्री लव कुमार श्रीवास पोषण यादव संजय राजपूत वंदना जेंद्र अध्यक्ष नगर पंचायत बिल्हा परमानंद साहू अध्यक्ष नगर पंचायत सरगांव हुलसी रघु वैष्णव अध्यक्ष नगर पंचायत पथरिया शिमला वर्मा उपाध्यक्ष नगर पालिका बोदरी मनोज पांडेय उपाध्यक्ष नगर पंचायत पथरिया रामकुमार कौशिक अध्यक्ष जनपद पंचायत बिल्हा दीपिका कौशिक उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पथरिया जिला पंचायत सदस्य अम्बालिका साहू अनिला देवेंद्र राजपूत डॉ गोविंद यादव सहित पार्षद जनपद सदस्य सरपंच पंच सहित मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पदाधिकारी मंडल पदाधिकारी सहित सभी सक्रिय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सीपत मंडल में मनाया गया भाजपा स्थापना दिवस

स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

सीपत मंडल में भाजपा का स्थापना दिवस एवं आगामी कार्यक्रम के निर्धारण हेतु बैठक आहूत की गई। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेई तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भाजपा का झंडा फहराया गया। मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा ने 10 अप्रैल को मल्हार में होने वाले सक्रिय सदस्य सम्मेलन, 11 अप्रैल को ग्राम पंचायत कौवाताल और बरेली में लाभार्थी संपर्क अभियान, 13 अप्रैल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर सीपत में स्वच्छता अभियान सहित 14 अप्रैल को ग्राम पंचायत कुकदा एवं नरगोड़ा में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर अंबेडकर चौक में पुष्पांजलि अर्पित कर संगोष्ठी कार्यक्रम करने की जानकारी देते हुए सीपत मंडल के सभी कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों में शामिल होने अपील की। इस अवसर पर राज्यवर्धन कौशिक, ढोलाराम केंवट, बलदाऊ यादव, बलराम पाटनवार, हरिकेश गुप्ता, तिरुपति पटनवार, नंदनी साहू, देवेश शर्मा, शिव साहू, मदन लाल पाटन, अशोक पांडे, प्रमोद शर्मा, कुलेश्वर पटनवार, संतोष लास्की, एजाज खान, बसंत साहू, जय सिंह सिदार, नारायण साहू, रमन गोस्वामी, अभिमन्यु सिंह, राजेश साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

11 साल के बेटे के सामने पत्नी की हत्या कर फांसी के फंदे पर झूला पति

बिलासपुर। शराब के लिए पैसा नहीं देने पर 11 साल के बेटे के सामने पति ने टंगिया के बेठ से ताबड़तोड़ हमलाकर पत्नी की हत्या कर दी, उसके बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बेलगहना चौकी प्रभारी भावेश सेंडे ने बताया, ग्राम उमरिया निवासी सुख सिंह बैगा ने 6 अप्रैल की रात पत्नी कुंवरिया बाई के साथ घर में शराब पी। उसके बाद पति पत्नी छोटे बेटे दिलेश बैगा 11 साल के साथ खाना खा रहे थे। इसी दौरान सुख सिंह ने और शराब पीने के लिए पत्नी से पैसा मांगा। पत्नी ने पैसा देने से मना कर दिया। नशे में सुख सिंह पत्नी के साथ गाली गलौज कर हंगामा मचाने लगा। पत्नी ने गाली गलौज करने से मना किया तो सुख सिंह ने घर में रखे टंगिया के बेठ से कुंवरिया बाई पर ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया। मां के साथ मारपीट करने पर 11 साल का दिलेश भागकर अपने मामा के घर चला गया। 7 अप्रैल की सुबह दिलेश घर आया तो उसकी मां आंगन में मृत पड़ी हुई थी। अंदर जाकर देखा तो उसके पिता सुख सिंह की फांसी पर लटकी लाश दिखी। दिलेश ने रोते हुए पड़ोसी के घर जाकर घटना की जानकारी दी। लोगों की सूचना पर बड़ा बेटा चुन्नी लाल बैगा घर आया। प्रभारी श्री सेंडे ने बताया, पत्नी कुंवरिया बाई की हत्या करने के बाद पति सुख सिंह बैगा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने बड़े बेटे चुन्नी लाल बैगा की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 103,1 के तहत जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

विपणन विभाग की जमीन से हटा अतिक्रमण

कटघोरा। कटघोरा चांवल गोदाम के पास विपणन संघ की जमीन पर शमशाद अली को द्वारा अतिक्रमण किया गया था। विपरण खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा तहसीलदार कटघोरा को शिकायत किया गया, जिस पर मंगलवार को तहसीलदार भूषण मंडावी व नायब तहसीलदार कटघोरा व द्वारा अपने दल के साथ ग्राम कटघोरा में घास मद की शासकीय भूमि खसरा नंबर 1902/1 कुल रकबा 5.183 में से 26ग गुना 23 वर्ग फिट भूमि पर शमशाद अली पिता ग़फ्फार अली के द्वारा अवैध मकान बनाया गया था जिसे अधिकारियों के द्वारा विधिवत कार्यवाही करते हुए कब्जा किये गए भवन को मुक्त कराया गया। तहसीलदार ने साफ साफ कह दिया है कि नगर में इस प्रकार से जिसके भी द्वारा अतिक्रमण किया जाएगा उसे ऐसे ही धराशाई कर दिया जाएगा।

बारात के दौरान चाकू मारकर हत्या नाबालिग सहित 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

पथरिया थाना क्षेत्र के डाड़गांव ग्राम निवासी घनश्याम साहू पिता नाथूराम साहू उम्र 37 वर्ष ने 4 अप्रैल को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 अप्रैल को उसके चचेरे भाई कोमल साहू की शादी के लिए बारात रावणभाठा के दिनेश साहू यहां पहुंची थी।

बारात में उसके परिवार के लोग भी आए थे। बारात के दौरान रात्रि करीब 11.30 बजे उसका भतीजा टिकेन्द्र साहू पिता टामसिंग साहू उम्र 17 वर्ष अपने दोस्त धमेन्द्र साहू, संजू साहू, मनोज साहू के साथ धुमाल पर डांस कर रहा था। इसी दौरान अंधेरे में कुछ लड़के आपस में लड़ाई-झगड़ा करने लगे। जब टिकेन्द्र साहू बीच-बचाव के लिए गया तो किसी अज्ञात ने उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में टिकेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज हेतु जिला चिकित्सालय मुंगेली ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने टिकेन्द्र पेट में गहरी चोट होने की बात कही एवं उसे शारदा अस्पताल में भर्ती किया गया। लेकिन 4 अप्रैल को इलाज के दौरान टिकेन्द्र की मौत हो गई। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत अपराध कायम कर मामले को विवेचना में लिया। कोतवाली पुलिस की टीम गठित कर अज्ञात आरोपी की लगातार पतासाजी की गई एवं घटना स्थल पर मौजूद परिजनों एवं गवाहों का कथन लिया गया। साथ ही मुखबीर की सूचना पर आरोपी करन साहू, राहुल सोनकर, शुभम साहू, नरोत्तम भास्कर, तथा अपचारी बालक को पकड़ कर देकर थाना लाकर पूछताछ की गई गया।

प्रकरण में विधि से संघर्षरत बालक के कथन के आधार घटना में प्रयुक्त चाकू जब्त किया गया। विवेचना के क्रम में आरोपी करन साहू, राहुल सोनकर, शुभम साहू, नरोत्तम भास्कर एवं विधि से संघर्षरत बालक द्वारा टिकेन्द्र साहू, एवं धमेन्द्र साहू के साथ मारपीट एवं चाकू से हमला करना स्वीकार किया गया। इसके आधार पर प्रकरण में धारा 238, 191 (2) बीएनएस जोड़ी गई एवं आरोपी करन साहू पिता उमन साहू उम्र 27 वर्ष निवासी डाड़गांव, राहुल सोनकर पिता बड़कू उर्फ जलेश्वर सोनकर उम्र 21 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड सांचीपुरम मुंगेली, शुभम साहू पिता जीवन साहू उम्र 26 वर्ष निवासी ठक्कर बाबा वार्ड मुंगेली, नरोत्तम भास्कर पिता समारू राम भास्कर उम्र 22 वर्ष निवासी लिलवाकापा थाना सिटी कोतवाली मुंगेली को शनिवार 5 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा पत्रक एवं पारिस्थितिक पत्र भरकर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

कलेक्टर ने जिले को घोषित किया जल अभावग्रस्त क्षेत्र

मुंगेली। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी राहुल देव ने गर्मी ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संपूर्ण जिले को आगामी आदेश पर्यंत तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 (क्रमांक-3) 1987 की धारा 03 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए यह आदेश जारी किया है। इस अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत जिले में उपरोक्त अवधि में सक्षम अधिकारी की पूर्वानमुमति के बिना कोई नया नलकूप पेयजल अथवा पेयजल के अलावा किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए खनन नहीं किया जा सकेगा। शासकीय एजेंसी जैसे-लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को संपूर्ण जिले में तथा नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायतों को केवल पेयजल हेतु अपने नगरीय निकाय की सीमा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र में नलकूप खनन हेतु अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी। उन्हें केवल इस अवधि में खनन कराये गये नलकूपों की जानकारी प्राधिकृत अधिकारी को भेजना होगा। कलेक्टर ने जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उक्त अधिनियम की धारा 06 के अंतर्गत नलकूप खनन हेतु अनुमति प्रदान करने के लिए अतिरिक्त कलेक्टर को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया है एवं अतिरिक्त कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। नलकूप खनन संबंधी अनुमति हेतु संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय में दो रूपए की शुल्क जमा कर कार्यालयीन समयावधि में आवेदनकर्ता आवेदन प्राप्त कर सकता है। निर्धारित आवेदन पत्र में आवश्यक दस्तावेज एवं जानकारी सहित संबंधित कार्यालय में कार्यालयीन समय पर आवेदन करना होगा। आवेदन का दस दिवस के भीतर छानबीन कर उपयुक्त पाए जाने पर आवेदनकर्ता सक्षम कार्यालय से अनुमति प्राप्त कर सकता है।

एनटीपीसी सीपत की सौगात, 80 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन

सीपत। एनटीपीसी सीपत ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए आसपास के गांवों में विकास कार्यों को गति दी है। इसी क्रम में एनटीपीसी सीपत की ओर से ग्राम पंचायत कौड़िया और ग्राम पंचायत रलिया में कुल 80 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों में ग्राम पंचायत कौड़िया में बाउंड्री वॉल का निर्माण और ग्राम पंचायत रलिया में सीसी रोड का निर्माण शामिल है। कौड़िया और रलिया में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रमों में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष और जिला पंचायत सदस्य अरुना चंद्रप्रकाश सूर्या मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

साथ ही जनपद अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी, जनपद सदस्य भास्कर पटेल, जनपद सदस्य उषा देवी केवट, मंडल सीपत के महामंत्री अभिलेश यादव, किसान मोर्चा अध्यक्ष राजेश्वर पटेल और कौड़िया के सरपंच धनेश्वर साहू, बसंत पांडे, रलिया सरपंच रेखा बाई सांडे, शैलेन्द्र सांडे, नरोत्तम चंद्राकर, अश्वनी पटेल उपसरपंच, गोवर्धन यादव कमलेश साहू,यदुराम साहू, आनंद सिदार,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश सूर्या ने

कहा कि एनटीपीसी सीपत द्वारा गांवों में कराए जा रहे विकास कार्य सराहनीय हैं। इससे ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। जिला पंचायत सदस्य अरुना चंद्र प्रकाश सूर्या ने भी एनटीपीसी के इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। साथ ही एनटीपीसी के अधिकारियों से कहा कि वह जनता की अपेक्षा और आकांक्षाओं का भी ध्यान रखते हुए सीएसआर मद से जितना हो सके गांव के विकास के लिए पहल करते रहेंगे। ग्रामीणों ने भी एनटीपीसी सीपत के इस पहल पर खुशी जताई और उम्मीद जताई कि इन विकास कार्यों से उनके गांवों में प्रगति और खुशहाली आएगी।

नगर के चौक-चौराहों पर लगेंगे 45 लाख के सीसीटीवी कैमरे

लोरमी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी नगर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चौक-चौराहों पर 45 लाख की लगात से सीसीटीवी कैमरे लगाने की स्वीकृति प्रदान की है। सीसीटीवी कैमरे की मदद से अपराधियों और सड़क दुर्घटनाओं के बारे में सटीक जानकारी मिलेगी एवं कानून व्यवस्था दुरुस्त करने में आसानी होगी। इसी को ध्यान में रखते हुए श्री साव ने नगरवासियों को यह सौगात प्रदान की है। इस अवसर पर श्री साव ने बताया कि जल्द ही नगर में कैमरे लग जाएंगे। हमने निकाय चुनाव के दौरान अटल संकल्प पत्र में जनता जनार्दन से सीसीटीवी लगाने का वादा किया था, जिसे हम पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी संकल्प पत्र के कार्यों को पूर्ण करने की ओर तेजी से अग्रसर है।

अटल अहमदाबाद पहुंचे, कांग्रेस के अखिल भारतीय अधिवेशन में होंगे शामिल

बिलासपुर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन में शामिल होने बिलासपुर एवं छत्तीसगढ़ से कांग्रेस नेता अहमदाबाद पहुंच गए हैं।

बिलासपुर से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य विधायक अटल श्रीवास्तव अधिवेशन में शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ प्रदेश से 55 सदस्य प्रतिनिधिमंडल इसमें शामिल होंगे। प्रदेश के बड़े नेता भूपेश बघेल टी एस सिंहदेव डॉक्टर चरण दास महंत प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज सहित सभी लोग दो दिवसीय अधिवेशन में शामिल रहेंगे और अपनी बात रखेंगे।

सरस्वती शिशु मंदिर में जैन की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

मुंगेली। सरस्वती शिशु मंदिर उमा विद्यालय में फूलचंद जैन की पुण्य तिथि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा और नगर संघ चालक, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ मुंगेली संदीप ताम्रकार थे। कार्यक्रम के अध्यक्ष ने बाबूजी को याद करते हुए उनकी समय बद्धता एवं कर्तव्य निष्ठा के बारे में अपने विचार प्रस्तुत किए।

विशिष्ट अतिथियों ने बाबूजी द्वारा वनवासी सेवा समिति के अंतर्गत चल रहे डोंगरीगढ़, कोदवा गोड़ान,

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

अमेरा तथा पंडरभट्ठा में चल रहे गौशाला एवं मुंगेली में चल रहे दोनो सरस्वती शिशु मंदिरों जैसे बड़े-बड़े प्रकल्पों को खड़ा करने के उनकी प्रबल इच्छा शक्ति पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा उनके अधूरे प्रकल्प भारत माता मंदिर को सभी के सहयोग से पूर्ण करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। विवेकानंद बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रकाश लोढ़ा ने भी बाबूजी के स्वप्न को साकार करने हेतु सभी के सहयोग से कार्य को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विवेकानंद बाल कल्याण समिति के सभी सदस्य एवं सरस्वती शिशु मंदिर परिवार एवं उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेन्द्र श्रीवास्तव व देवेन्द्र पाण्डेय ने किया।

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा अटल आवास योजना अंतर्गत झल्फा बिल्हा जिला बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास . - 85, मूल आबंटी श्री विमल कुमार चन्द्रा पिता स्व.श्री रतिराम चन्द्रा, को आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 08 .03 .2016 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री राम देवांगन पिता श्री विनोद देवांगन, को विक्रय करना चाहते है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति / शासकीय/अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी ।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल दीनदयाल आवास, मंगला, बिलासपुर में निर्मित एल.आई.जी भवनों में से भवन क्रमांक एल.आई.जी.-945 आबंटी श्रीमती मीना शर्मा पति श्री दुष्यंत कुमार शर्मा के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 12 .06 .2014 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्रीमती रेखा किरार पति श्री जितेन्द्र किरार को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक/क/ना .तह ./वा ./2025
बिलासपुर, दिनांक 24 .03 .2025

ग्राम महमंद के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम महमंद प .ह .नं . 44 तहसील बिलासपुर स्थित भूमि ख .नं . 511/283 रकबा 0 .022 है . हेक्टेयर/ एकड़ भूमि का छ .ग . भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरूस्ती हेतु आवेदक दीपमाला सिंह चंदेल पिता/पति जितेन्द्र सिंह चंदेल निवासी रेल्वे आर .पी .एफ . कॉलोनी द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 21 .04 .2025 को सुबह 11 .00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 24 .03 .2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार
बिलासपुर छ.ग.

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा मोहम्मद हमीद पिता मोहम्मद सिद्दीक निवासी जूना बिलासपुर के नाम पर सिरगिट्टी, रा .नि . बिलासपुर तहसील बिलासपुर छ .ग . वार्ड नं . 12 मे खसरा नं . 1051/52 रकबा 3000 वर्गफुट भूमि खरीदने का पक्का सौदा किया जा चुका है।

इस बाबत किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर, लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति अमान्य होगी।

सो सूचना जाने।

भवदीय
आकाश श्रीवास, वार्ड नं. 12,
सिरगिट्टी बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9755344862

8 APRIL- BSP-PG-6_Layout 1 4/9/2025 12:58 AM Page 1

खबर संक्षेप

फर्जी दस्तावेज बनाकर बेची जमीन, गिरफ्तार

बिलासपुर। फर्जी दस्तावेज बनाकर दूसरे की जमीन को बेचने

वाले जमीन दलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि 7 अप्रैल को जरहाभाठा निवासी सौखीलाल भार्गव ने रिपोर्ट लिखाई थी, वर्ष 2008 में माया देवी पति लक्ष्मी सिंह से उन्होंने देवरीखुर्द में 2400 वर्गफीट जमीन खरीदी थी। किन्हीं कारणों से वे नामांतरण नहीं करा पाए थे। इसी दौरान कोरोना काल में दलाल बजरंग प्रसाद गौतम ने आनलाइन रिकार्ड में तकनीकी गड़बड़ी का फायदा उठाकर माया देवी के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनवाया और किसी अन्य महिला को माया देवी बनाकर पंजीयन कार्यालय में पेश किया, इसके बाद फर्जी मुख्तियारनामा और ऋण पुस्तिका तैयार कर 13 फरवरी 2020 को उक्त जमीन को सुषमा गुप्ता और अरविंद कुमार गुप्ता के नाम पर रजिस्ट्री कर बेच दिया गया था। 8 अप्रैल को पुलिस ने बीएनएस की धारा 120 बी, 420, 467, 468, 471 के तहत जमीन दलाल बजरंग प्रसाद गौतम को गिरफ्तार कर लिया है।

वेन की टक्कर से मां बेटी घायल

बिलासपुर। वेन के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दी। इससे एक्टिवा सवार मां बेटी घायल हो गईं। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।
सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, वसुंधरा नगर रिंग रोड टू निवासी अंजली ध्रुव पिता स्व. नवल सिंह ध्रुव 7 अप्रैल को एक्टिवा क्रमांक सीजी 10 बीक्यू, 0587 में अपनी मां रूपी सिंह ध्रुव को बैठाकर शनिचरी बाजार जा रही थी। शाम 6.45 बजे राजेन्द्र नगर चौक के पास पीछे से आ रहे मारूती वेन क्रमांक यूपी 75 एस, 5828 के ड्राइवर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में मां बेटी घायल हो गई और एक्टिवा क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने अंजली की रिपोर्ट पर मारूती वेन के ड्राइवर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

जीवित व्यक्ति को मृत बताकर हड़प ली जमीन

बिलासपुर। जीवित व्यक्ति को मृत बताकर रिश्तेदारों ने उसकी जमीन हड़प ली है। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह ने बताया, जांजगीर निवासी रामगोपाल गौरहा ने रिपोर्ट लिखाई। उनकी नानी अमोला बाई की सिरगिट्टी क्षेत्र के ग्राम बसिया में 6.222 हेक्टेयर कृषि भूमि थी, जिसमें से आधा हिस्सा उन्हें 1972 में नामांतरण के माध्यम से मिल गया था। वर्ष 2014 तक उक्त जमीन शासकीय रिकार्ड में उनके नाम पर दर्ज थी और वर्ष 2015 से बंद हो गया। उन्होंने जांच की तो पता चला कि उनके रिश्तेदार रूपराम दुबे, बेनीराम दुबे, बिहारीलाल दुबे ग्राम बसिया व गतौरा निवासी निर्मला ने षड़यंत्रपूर्वक उन्हें मृत घोषित कर कोर्ट से फर्जी आदेश पारित करवा लिया। श्री गौरहा ने बताया, 14 जून 2012 को कोर्ट में प्रस्तुत झूठी जानकारी के आधार पर उन्हें मृत और अविवाहित बताया गया, जबकि वह जिंदा है और उनके एक पुत्र व दो बेटियां हैं। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर रूपराम दुबे, बेनीराम दुबे, बिहारी लाल दुबे, निर्मला के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

अधिकारी कर रहे हैं भूल सुधार का दावा

सड़क 6 से 7 इंच ऊपर हो चुकी है, जिससे दो पहिया वाहन चालकों के गिरने का अंदेशा है

सड़क बनाने में भर्राशाही, डामर के बाद शोल्डर बनाना भूला विभाग, सड़क पर फैला मुरूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों का हाल बेहाल है, लगातार खबर प्रकाशित होने के बाद सीएसआईडीसी विभाग अब औद्योगिक क्षेत्रों की सड़ाकों पर डामर लगाना शुरू कर दिया है। तिफरा क्षेत्र के खस्ताहाल सड़क में सुधार कार्य करते हुए डामरीकरण किया गया है।

डामर के बाद सड़क की परत 6 इंच ऊपर हो चुकी है, ऐसे में बिना शोल्डर बनाए ही काम खत्म कर दिया गया है। जिससे आने जाने वालों को कई बार सड़क पर गिरने के अंदेशा बना रहता है। विभाग के अधिकारी अब भूल सूधार करने का दावा कर रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र तिफरा में इन दिनों खस्ताहाल सड़क पर डामरीकरण किया गया है। जिसके बाद सड़कें चकाचक हो चुकी है। सीएसआईडीसी ने करीब 7 करोड़ का ठेका दिया है, जिसके बाद ठेकेदार ने सड़क पर डामर कर काम पूरा कर दिया है। लेकिन खास बात यह है सड़क का शोल्डर जस का तस है। सड़क 6 से 7 इंच ऊपर हो चुकी है, जिससे दो पहिया वाहन चालकों के गिरने का अंदेशा बना हुआ है। दरअसल सड़क बनाने के दौरान सड़क के दोनों ओर शोल्डर का निर्माण किया जाता है, लेकिन वर्तमान में बनाई गई सड़कों पर शोल्डर नहीं है। ठेकेदार ने मनमाने तरीके से मुरूम बिछा दी है, जिससे आने जाने वालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तिफरा यदुनंदन नगर से आर्य कालोनी जाने वाले मार्ग और बस स्टैण्ड के पीछे की सड़क पर डामरीकरण किया गया है। सडक बनाई जा चुकी है और ठेकेदार का काम खत्म हो चुका है।

विभाग और ठेकेदार द्वारा सड़क बनाने में भर्राशाही बरती गई है, जिसका खामियाजा लोगों को उठाना पड़ रहा है। शोल्डर नहीं होने के कारण बारिश के दिनों में एक बार फिर डामरीकृत सड़क पर पानी भरने की नौबत आएगी और सड़क दोबारा खराब होने का अंदेशा रहेगा। जानकारी मिलने पर सीएसआईडीसी के अधिकारियों का कहना है कि सड़क पर शोल्डर का निर्माण कराया जाएगा

बेतरतीबी से बनाई गई हैं नालियां

औद्योगिक क्षेत्रों में नगर निगम द्वारा बेतरतीबी से नालियों का निर्माण किया गया है। अतिक्रमण हटाए बगैर बनाई गई नालियों से ही ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़कों पर बहता है, जिसके चलते सड़क खराब होती है। खास बात यह है कि इन नालियों की सफाई भी कई सालों से नहीं हो सकी है जिसके चलते आसपास के लोगों को खासी दिक्क तों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क बन चुकी है

सड़क का निर्माण किया जा चुका है, शोल्डर बनाने के लिए ठेकेदार को आदेशित किया जाएगा। सड़क बन चुकी है, लेकिन निर्माण पूरा नहीं हुआ है, कई जगहों पर एक साथ काम चल रहा है।

-महेन्द्र सिंह ठाकुर, एई, सीएसआईडीसी

स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में सिम्स की स्वशासी समिति की बैठक में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन

मंत्री ने कहा- सैलरी बढ़ाओ, डाक्टर लाओ

अधिकारियों से जानकारी लेते स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में डाक्टरों को आकर्षित करने के उद्देश्य से उनकी सैलरी में बढ़ोतरी करने की तैयारी की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को सिम्स की स्वशासी समिति की बैठक में इसके लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी दो सप्ताह में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इस दौरान विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई।

प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जायसवाल की अध्यक्षता एवं बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया एवं पूर्व विधायक कृष्णमूर्ति बांधी की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में वैसे तो विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई, लेकिन बैठक में प्रमुख विषय कोनी स्थित मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में सारी सुविधाएं उपलब्ध कर आम जनता को इसका जल्द से जल्द लाभ देने संबंधी चर्चा प्रमुख विषय रही। इस दौरान अस्पताल में विभिन्न विभागों में डाक्टरों की कमी और इनकी पूर्ति के संबंध में चर्चा के दौरान उनकी सैलरी में बढ़ोतरी कर उन्हें अस्पताल में सेवा देने हेतु आकर्षित करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए सीनियर डाक्टरों की समिति बनाई गई है, जो विभिन्न अस्पतालों में पदस्थ डाक्टरों को मिल रही सैलरी का अध्ययन कर यहां उसकी अनुशंसा करेंगे। कमेटी में सिम्स के डीन डा रमणेश मूर्ति, रायगढ़ मेडिकल कालेज के डीन डा विनीत जैन व दुर्ग मेडिकल कालेज की डीन डा त्रिप्ति नागिरया शामिल हैं। इस कमेटी को दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी, ताकि वेतन में बढोतरी कर जल्द से जल्द डाक्टरों की भर्ती की जा सके। इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने पार्ट टाईम डाक्टरों को भी अस्पताल में संलग्न करने संबंधी प्रस्ताव भेजने को कहा। बैठक में डाक्टरों व स्टाफ क्वार्टर बनाने, स्टोर, लांड्री, मरच्यूरी, जनउपयोगी भवन, एटीएम बैंक व कैंटीन के लिए भी शासन को प्राक्कलन चले जाने व आगामी बजट में इसे स्वीकृति देने संबंधी चर्चा की गई। इसी तरह कार्डियक एंबुलेंस लेने, ई लाईब्रेरी बनाने व रेडियोलाजिस्ट की कमी के चलते रिपोर्टिंग में विलंब को ध्यान में रखते हुए टेलीरेडियोलाजी की अनुमति प्रदान की गई है। बैठक में मंत्री श्री जायसवाल ने सुपर स्पेशिलटी अस्पताल में नए 55 पदों की भर्ती स्वीकृति के साथ ही बजट सत्र में की गई घोषणा के अनुसार जिले में फिजियोथेरेपी कालेज खोले जाने की तैयारी करने को कहा है। बैठक में उन्होने सुपर स्पेशिलटी अस्पताल को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से 27 करोड 90 लाख व सिम्स मेंडिकल कालेज के लिए एक करोड की स्वीकृति प्रदान की। इसी तरह सिम्स के लिए ही 60 लाख से एसीएलएस एंबुलेंस की स्वीकृति दी। इस दौरान डीन ने जानकारी दी कि अस्पताल में अभी 3 नग बीसीएलएस एंबुलेंस उपलब्ध हैं। अस्पताल में एमआरडी, पेयिंग वार्ड में रेनोवेशन व मरम्मत कार्य की भी स्वीकृति दी। उक्त बैठक में चिकित्सा शिक्षा आयुक्त किरण कौशल, संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर अवनीश शरण, सिम्स के डीन रमणेश मूर्ति आदि उपस्थित थे।

- मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में डाक्टरों की कमी पूरी करने सैलरी बढ़ोतरी की तैयारी

निर्णय लेने का विशेष अधिकार सीएम और संगठन का

मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल कोनी का निरीक्षण करने मंगलवार को शहर पहुंचे प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कुछ मंत्रियों की खराब रिपोर्ट व मंत्रिमंडल में संभावित फेरबदल के प्रश्न पर कहा कि अगर किसी मंत्री की रिपोर्ट खराब है तो उस पर निर्णय लेने का विशेषाधिकार मुख्यमंत्री व संगठन का है। वे इसमें कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। वैसे सारे मंत्री अच्छे से कार्य कर रहे हैं किसी की रिपोर्ट खराब नहीं है।

सिम्स सभाकक्ष में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल में सारे डिपार्टमेंट जल्द से जल्द प्रारंभ हो जाएं, ताकि आम लोगों को इसका लाभ मिल सके इसी उद्देश्य से इसका निरीक्षण किया जा रहा है। चार विभाग प्रारंभ हो चुके हैं, वहीं दो और विभागों पर चर्चा की गई है। कैंसर अस्पताल को भी जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु समीक्षा की गई है। इसी तरह सेंदरी स्थित राज्य मानसिक चिकित्सालय में भी सौ बेड और बढ़ाने संबंधी चर्चा की गई। कोनी में सात सौ करोड़ की लागत से प्रस्तावित सिम्स के नए भवन के निर्माण के लिए शासन स्तर पर तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए बजट स्वीकृत किया जा चुका है। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। अपोलो अस्पताल में फर्जी मार्कशीट के जरिए अपनी सेवा देने वाले डाक्टर के मामले में उन्होंने कहा कि सरकार किसी की भी हो व अस्पताल चाहे निजी हों या शासकीय हों। इस मामले की जानकारी लेकर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी। सिम्स में भी फर्जी अंकसूची वाले कुछ डाक्टरों की नियुक्ति होने की बात पर उन्होंने इसकी सूची उपलब्ध कराने व इन पर भी कार्यवाही करने की बात कही। सुशासन दिवस पर उन्होंने कहा कि ऐसे लोग जो अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्टर या हेडक्वार्टर तक नहीं पहुंच पाते सरकार ने सुशासन दिवस के माध्यम से उनको अपनी समस्याओं को बताने के घर पहुंच सेवा देने का प्रयास किया है।

सुपर स्पेशलिटी, मेंटल और जिला अस्पताल भी पहुंचे

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को बिलासपुर प्रवास के दौरान सेंदरी मेंटल हॉस्पिटल, सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, कैंसर अस्पताल, जिला अस्पताल और सेंदरी स्थित दवा गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आईपीडी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। अस्पतालों में वाटर कूलर के साथ ही एसी की भी उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों का इलाज करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य मंत्री ने सबसे पहले राज्य मानसिक चिकित्सालय सेंदरी का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल में 100 बेड और बढ़ाया जा रहा है जिससे यहां कुल बेडों की संख्या 300 हो जाएगी। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अस्पताल मरम्मत और रंग-रोगन के लिए एस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। साथ ही पूरी संवेदनशीलता के साथ मरीजों का इलाज करने कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने पूरे अस्पताल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया। महिला वार्ड, नर्सिंग स्टेशन, पुरूष वार्ड, मेल शॉर्ट स्टे वार्ड और महिला पुनर्वास वार्ड सहित पूरे अस्पताल का जायजा लेकर जरूरी निर्देश दिए। मरीजों से चर्चा कर मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने सेंदरी स्थित दवा गोदाम का भी निरीक्षण किया। स्टॉक पंजी का अवलोकन कर दवाईयों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया। यहां शीघ्र आईपीडी शुरू करने कहा। भर्ती एवं खरीदी कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल भवन एवं अब तक उपलब्ध की गई सुविधाओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया।

अस्पताल में नियमित साफ-सफाई एवं रख-रखाव के निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कैंसर इंस्टीट्यूट भवन की भी जानकारी ली और इसका निर्माण जल्द करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त श्रीमती किरण कौशल, कलेक्टर अवनीश शरण, सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति, डॉ. बीपी सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

निगम का ताबड़तोड़ अभियान

अतिक्रमण हटाने पर जमकर विवाद और झूमाझटकी

बिलासपुर। ट्रैफिक की बाधा दूर करने के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने मंगलवार को लिंक रोड पर अतिक्रमण हटाने की संयुक्त कार्रवाई की। दुकान का सामान रोड पर रखने वालों पर टीम ने कार्रवाई करते हुए 100 से अधिक दुकानदारों को हटाया। इस दौरान नेहरू नगर, कारगिल चौक, स्मार्ट सिटी रोड से कब्जे हटाए गए और 10 ट्राली सामान जब्त किया गया। मंगला चौक से होत हुए गौरव पथ, महाराणा प्रताप चौक, सीएमडी चौक पर अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान पुराने बस स्टैंड और पुराने हाईकोर्ट के सामने जमकर विवाद और झूमाझटकी हुई। पुलिस की मौजूदगी में निगम अमले ने सामान जब्ती की और चेतावनी दी है कि कार्रवाई जारी रहेगी।

- चौक-चौराहे से हटाए गए अतिक्रण

नगर निगम की ओर से दुकानदारों से कहा है कि, वह अपना सामान दुकान के अंदर रखें, वरना सामान बाहर रखने पर पेनाल्टी लगाई जाएगी। निगम का अभियान मंगलवार को नेहरु नगर के गणेश चौक से कार्रवाई की शुरूआत की। इसके बाद कारगिल चौक में फुटपाथ से अतिक्रमण हटाया गया। इसके बाद नगर निगम और पुलिस की टीम ने सत्यम टाकीज चौक से अग्रसेन चौक, टेलिफोन एक्सचेंज रोड होते हुए टैगोर चौक तक सड़क के दोनों ओर दुकान के बाहर रखे सामानों को हटाया। दिन भर चले निगम के अभियान के दौरान दुकानों का सामान, बोर्ड, कुर्सी टेबल, नुमाइशी पुतले, ठेले आदि जब्त किए गए। अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा के मुताबिक दुकानदारों में दुकान का सामान बाहर रख कर माल बेचने की होड़ लगी रहती है। इसका असर ट्रैफिक पर पड़ता है।

स्मार्ट सड़क पर भी कार्रवाई

मिट्टी तेल लाइन स्मार्ट रोड की फुटपाथ पर धीरे-धीरे यहां रहने वाले कब्जा करते ही जा रहे थे, जो दुकान आदि बनाकर पक्का कब्जा कर चुके थे। वही शिकायत के बाद नगर निगम अमित कुमार के निर्देश के बाद इस सड़क पर मंगलवार को कार्यवाही की गई। अतिक्रमण विरोधी दस्ता के प्रभारी प्रमिल शर्मा के नेतृत्व में टीम कार्यवाही के लिए पहुची। जहां एक के बाद एक स्थाई निर्माण पर बुलडोजर चलाते हुए सड़क को कब्जा मुक्त किया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि फिर से कब्जा करने की कोशिश करते हो तो फिर अवैध निर्माण को तोड़ दिया जाएगा। इसके साथ ही कार्यवाही के दौरान टीम ने सड़क किनारे रहने वालों को चेतावनी दी है कि वे अपनी कार फुटपाथ पर पार्किंग न करे, अन्यथा टीम को कार्यवाही के लिए मजबूर होना पड़ेगा। देवकीनंदन चौक से सदर बाजार, गोलबाजार होते हुए शनिचरी तक सड़क पर दुकान लगाने वालों पर भी कार्रवाई हुई।

शहर के 8 थानों में 50 गुण्डे, 15 निगरानी बदमाश तलब

बिलासपुर। शहर के 8 थानों 50 गुण्डों और 15 निगरानी बदमाशों को सुबह से देर शाम तक थाने में बैठाकर आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी देकर छोड़ा गया है।

- चेतावनी देकर छोड़ा

इसी तरह 3 स्थाई व 3 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़कर तामीली की गई है।

एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एडीशनल एसपी राजेन्द्र जायसवाल, सिविल लाइन सीएसपी निमितेश सिंह, कोतवाली सीएसपी अक्षय प्रमोद साबद्रा, सरकण्डा सीएसपी सिद्धार्थ बघेल के नेतृत्व में 8 अप्रैल को सुबह 6 से 9 बजे के बीच अभियान चलाकर शहर के आठ थानों में गुण्डा बदमाशों के घरों में दबिश दी गई और पकड़कर थाने लाया गया। इस दौरान उनके बस्ती में रहने वाले संदिग्धों की जांच की गई। इसके अलावा

सरकंडा थाने में खड़े निगरानीशुदा बदमाशों से पूछताछ करती पुलिस।

बाहर से आए राज्यों के बंजारा, डेरा फेरी वालों की जांच की गई है। शहर के आठ थानों में 50 गुण्डा, 15 निगरानी बदमाशों को शाम तक थाने में बैठाकर रखा गया था। देर शाम सभी को अपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं होने की चेतावनी देकर छोड़ा गया है। इस दौरान 3 स्थाई, 3 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़कर तामीली कराया गया है। सरप्राइज चेकिंग का उद्देश्य शहर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश, असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाना और ऐसे स्थानों पर होने विभिन्न गतिविधियों पर रोक लगाना है।

झांसा देकर युवती से अनाचार प्राइवेट शिक्षक गया जेल

बिलासपुर। शादी करने का झांसा देकर युवती से अनाचार करने वाले प्राइवेट शिक्षक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली 23 वर्षीय युवती शहर के एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षिका थीं। उसी स्कूल में तोरवा निवासी अनिश मसीह भी शिक्षक था। इसी दौरान उनके बीच जान पहचान हुई। अनिश मसीह युवती को प्रेम जाल में फंसाकर शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता ने शादी करने का दबाव बनाई तो वह टालमटोल करने लगा। पीड़िता ने पतासाजी की तो जानकारी हुई कि अनिश मसीह पहले से शादीशुदा है और दो बच्चों का पिता है। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट पर थाने में दर्ज कराई थी। 8 अप्रैल को पुलिस ने फरार आरोपी अनिश मसीह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

सिविल लाइन पुलिस ने मंगला में लगाई चौपाल

बिलासपुर। सिविल लाइन सीएसपी नितेश परिहार, टीआई एसआर साहू ने मंगलवार की रात मंगला चौक में बस्ती के अंदर सड़क में लोगों की चौपाल लगाकर क्षेत्र की अपराधिक गतिविधियों की जानकारी ली। ग्रामीणों के द्वारा क्षेत्र में पेट्रोलिंग कराने की मांग की गई। वहीं कुछ क्षेत्र में शराबखोरी करने की जानकारी दी गई। सीएसपी श्री परिहार ने लोगों को क्षेत्र में पेट्रोलिंग कराने का आश्वासन दिया और शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई गई।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

फर्जी हस्ताक्षर कर महिला की बाउंड्रीवाल तोड़ी

बिलासपुर। फर्जी हस्ताक्षर कर महिला की बाउंड्रीवाल तोड़ने वाले एक की परिवार के चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

- चार लोगों के खिलाफ जुर्म दर्ज

तोरवा थाना के एसआई कमलनारायण शर्मा ने बताया, पेण्डरवाल हास्पिटल के पास रहने वाली मीना गंगवानी पति रामचंद गंगवानी ने 50 साल ने रिपोर्ट लिखाई। पूर्व में तोरवा निवासी दुलाराम मोटवानी, नरेन्द्र मोटवानी, महेन्द्र मोटवानी, राजेन्द्र मोटवानी ने उनका फर्जी हस्ताक्षर कर तहसील कार्यालय में सीमांकन कराने का आवेदन लगाकर उनकी बाउंड्रीवाल को तोड़ दिया था। श्रीमती गंगवानी ने तहसील कार्यालय में उनका फर्जी हस्ताक्षर करने की शिकायत की थी। आवेदन निरस्त होने के बाद श्रीमती गंगवानी की रिपोर्ट पर पुलिस ने दुलाराम मोटवानी, नरेन्द्र, महेन्द्र, राजेन्द्र मोटवानी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

पूर्व में हुआ था अपहरण का मामला दर्ज

श्रीमती गंगवानी व नरेन्द्र मोटवानी के बीच जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। पूर्व में उसी विवाद को लेकर नरेन्द्र मोटवानी ने गुण्डा बदमाश ऋषभ पानीकर के साथ मिलकर उनके बेटे पीयूष गंगवानी के साथ रेलवे क्षेत्र में जमकर मारपीट किया था। उसके बाद कोतवाली क्षेत्र से पीयूष गंगवानी का अपहरण कर जमकर मारपीट किया गया था। दोनों मामले में मामला दर्ज है।

महामाया मंदिर से बाइक चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। नवरात्र में महामाया मंदिर परिसर से बाइक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़कर बाइक बरामद कर लिया है। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर टीआई नेरश चौहान ने बताया, करैहापारा निवासी शिशिर पटेल 5 अप्रैल को पूजा करने महामाया मंदिर गए थे। उन्होंने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 ईए, 8663 धर्मशाला के पास खड़े की थी। वे वापस आए तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। मुखबिर की सूचना पर प्रधान आरक्षक उमाशंकर राठौर ने रेस्ट हाउस के पास रहने वाले कन्हैया सूर्यवंशी पिता भीमराव सूर्यवंशी 19 साल को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने चोरी करना स्वीकार कर लिया, उसके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद कर ली गई है।

खबर संक्षेप

बाबा साहब की जयंती को लेकर संगठन की बैठक

तखतपुर। सतनाम भवन तखतपुर में आगामी 14 अप्रैल डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती को लेकर बैठक आयोजित की गई । बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। संगठन के पदाधिकारी सुनील जांगड़े तथा नितिन प्रधान ने बताया कि अम्बेडकर जयंती पर सतनाम भवन में दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। शाम 4 बजे शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए प्रस्थान करेगी जो सड़क मुख्य मार्ग से होती हुई मंडी चौक से वापस सतनाम भवन पहुंचेगी। बैठक में नगर पालिका सभापति सुनील जांगड़े, शशिकांत जांगड़े, राकेश डहरे, हीरा लाला जांगड़े, संतोष बंजारे, नितिन प्रधान, ऋषि चतुर्वेदी, आदर्श बंजारे, सिद्धांत आहूजा, दीपक लहरे, प्रियांशु डहरिया, कालेशवर पात्रे, सूरज खांडेकर, बबलू नवरंग, हेमंत कुर्रे, जमीला जांगड़े, तमन्ना गेंदले, मनोज वस्त्रकार, बलवीर जांगड़े, नीलकमल जोशी, राहुल गेंदले, हीरेन्द्र कुर्रे, अविनाश डहरिया, विक्की जांगड़े, फिरोज दिवाकर, संतोष दिवाकर, गणेश भास्कर, आलोक आहूजा, कमलेश कुमार, कुर्रे खेलावन बंजारे, ऋषभ आहूजा, राजेश खुंटे, शिवा कुर्रे, विजय पात्रे, अजय मोहले, भोला जांगड़े, केशव टंडन, विक्की दिवाकर, विक्की खांडेकर, मनीष अंचल, व्यास चतुर्वेदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

कलेक्टोरेट में सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं

मुंगेली। जिला कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया गया। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी और मेनका प्रधान ने आमजनों से उनकी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनी और नियमानुसार निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। जनदर्शन में आवास, पेयजल, शौचालय, विद्युत आदि मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए, इनमें लोरमी विकासखण्ड के ग्राम अचानकमार के इतवारी सगरिया ने मतदाता सूची में त्रुटि सुधार कराने, ग्राम अखरार के रामेश्वर यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आदिवासी समाज लोरमी के लोगों ने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने, ग्राम विचारपुर के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इस दौरान सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर एवं एसपी पहुंचे मोहडंडा, की पूजा-अर्चना

मुंगेली। ग्राम मोहडंडा में श्रीरामनवमीं पर धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह गांव भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी का गृह ग्राम है, जहां आदि शक्ति मां दुर्गा, भगवान बजरंगबली एवं काल भैरव दिव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। श्रीरामनवमी पर कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल विशेष रूप से दर्शन हेतु मोहडंडा पहुंचे। ग्रामवासियों ने कलेक्टर एवं एसपी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कलेक्टर एवं एसपी ने मंदिर में पूजा अर्चना की। भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने अतिथियों को मंदिर में विराजित देवी देवताओं की छायाचित्र भेंट कर सम्मानित किया। पूरे गांव में राम मंदिर का उत्सव के वातावरण में मनाया गया। जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। आमतौर पर हनुमान मंदिर और कालभैरव मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों पर विशेष त्यौहार और आयोजन होते है। वही हनुमान जयंती चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन विशेष पूजन, हवन, सुंदरकांड पाठ, भजन कीर्तन और भंडारा होता है। ग्रामीणों ने बताया कि मंगलवार व शनिवार के दिन विशेष पूजा की जाती है और भक्तों की भीड़ अधिक होती है। इस दौरान अखंड रामायण पाठ और झांकी जैसे आयोजन भी किए जाते हैं। कालभैरव मंदिर में कालभैरव अष्टमी मार्गशीर्ष मास में आने वाली इस तिथि को विशेष पूजा होती है। रात्रि जागरण और भैरव भजन की विशेष परंपरा होती है। वहीं नवरात्रि में शक्ति स्वरूप न की उपासना के साथ कालभैरव का पूजन भी किया जाता है।

दीप जलाकर मनाया मूर्ति स्थापना दिवस

मुंगेली। जय जय श्रीराम के जयकारा के साथ केशरवानी महिला समिति ने हर बार वर्ष की भांति स्थानीय राधाकृष्ण मंदिर में राम सीता लक्ष्मण मूर्ति का छठवां स्थापना दिवस धूमधाम से रामधुनी के साथ पांच-पांच दिए जलाकर मनाया। रामनवमी मनाने का उद्देश्य भगवान राम के जन्म का जश्न मनाना और उनके आदर्शों को याद करना है। यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है। रामनवमी को हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक माना जाता है। सदस्यों ने अपने-अपने घरों से बना कर लाए पूड़ी, मालपूए, पंजरी, मिठाइयां, विभिन्न रितुफलो के साथ भोग लगाकर श्रीराम जी के प्रति अपनी भक्ति को प्रकट कर एक-दूसरे को गले लगकर रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए खुशी जाहिर किया और श्रीराम भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया।

समारोह में मंत्री तोखन साहू, डिप्टी सीएम अरूण साव, विधायक मोहले हुए शामिल

मुंगेली जिले को भाजपा का गढ़ बनाने वाले दिवंगत नेताओं के परिजन का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भाजपा के कार्यकर्ताओं का सम्मान करते तोखन साहू, अरुण साव एवं पुन्नूलाल मोहले।

विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस मुंगेली जिले में अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी। स्थापना दिवस पर पूर्व सांसद स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी, पूर्व मंत्री स्व. डॉ. भानु गुप्ता, पूर्व विधायक स्व. फूलचंद जैन, पूर्व विधायक स्व. मुनीराम साहू के परिजन का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में भाजपा के जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही मुंगेली जिले को भाजपा का गढ़ बनाने में सहयोग मिला। यही कारण है कि जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत एवं नगर पालिका में निर्विरोध रूप से पार्टी के कार्यकर्ता ने जीत दर्ज की। केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं बल्कि यह सेवा समर्पण और राष्ट्रवाद का संयुक्त उदाहरण है। सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास इस पार्टी की विचारधारा रही है, जो हमें सभी वर्गो को समाज से जोड़ने की प्रेरणा देती है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि भाजपा के संस्थापक के रूप में पार्टी को उच्चतम शिखर तक पहुंचाने में यहां के चार प्रमुख नेताओं के साथ उनके पिता ने कंधे से कंधे मिलाकर काम किया था। वे स्वयं 10 वर्ष की उम्र से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि भाजपा आम कार्यकर्ताओं की पार्टी है। सबका साथ सबका विकास भावना को लेकर काम करने वाली विचार के साथ जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में भाजपा ने जीत हासिल की। कार्यक्रम में भाजपा के जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं एवं शुरूआती दिनों के वरिष्ठ नेताओं के परिजन का सम्मान किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से स्व. निरंजन प्रसाद केशरवानी के पुत्र कमलेश्वर केशरवानी, पूर्व मंत्री स्व. भानू गुप्ता के पुत्र संजीव गुप्ता, पूर्व विधायक स्व. फूलचंद जैन के सुपुत्र संतोष, स्व. मुनीराम के सुपुत्र हेमंत साहू का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन गिरीश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, लोरमी नपा अध्यक्ष सुजीत वर्मा, नपा उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जपं अध्यक्ष रामकमल परिहार, चित्ररेखा, गुरमीत सलूजा, शैलेष पाठक, रूपाली वेदप्रकाश कश्यप, मनोज कुमार कश्यप, चित्रलेखा मनीष जांगड़े, दीपिका चंद्रशेखर कौशिक, हुलसी रघु वैष्णव, मनोज पाण्डेय, नरेश पटेल, शैख जैनुल, वर्षा ठाकुर, राजेन्द्र साहू, परमानंद साहू, द्वारिका जायसवाल, केदार सिंह परिहार, शिवकुमार बंजारा संजय गोस्वामी, प्रद्युम्न तिवारी आदि मौजूद थे।

> ■ विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी भाजपा का स्थापना दिवस जिले में उत्साह के साथ मनाया गया

कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक धर्मजीत सिंह।

भाजपा कार्यकर्ता होते हैं निष्ठावान ईमानदार व स्वाभिमानी: धर्मजीत

तखतपुर। भाजपा द्वारा विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन मोहन वाटिका में किया गया। कार्यक्रम में विधायक धर्मजीत सिंह और अतिथियों ने भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी , पं दीनदयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी के तैलचित्र पर माल्यार्पण किया। विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता निष्ठावान और ईमानदार तथा स्वाभिमानी होते हैं।

सक्रियता से पार्टी का कार्य करने वाले सभी कार्यकर्ता सक्रिय कार्यकर्ता हैं। । पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष कौशिक ने केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं तथा उपलब्धियों को विस्तार से रखा। भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि प्रदीप कौशिक ने पार्टी के सक्रिय सदस्यों की भूमिका और कर्तव्यों को विस्तार से बतलाया। कार्यक्रम को जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद अध्यक्ष डॉ माधवी संतोष वस्त्रकार, उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला पंचायत सदस्य भारती माली, पूर्व जनपद अध्यक्ष नूरीता प्रदीप कौशिक, पूर्व नपा उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह, कृष्ण कुमार साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक ठाकुर, गिरीश मयाराम कश्यप, अश्वनी शर्मा, रवि मेहर, लालजी यादव, बंशी पाड़े, विश्वनाथ यादव, राजकमल साहू, अजय यादव, देवी लाल साहू, बृजेश निर्मलकर, सरजू यादव ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष नैनलाल साहू ने तथा आभार प्रदर्शन प्रमोद ठाकुर ने किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य कविता यादव, सीमा श्रीवास, रामकुमार सिंगरौल, सरपंच संघ अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप, मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, दिनेश साहू, रामकुमार निर्मलकर, अमित मैदानी, प्रेम लाल सिंगरौल, राजकुमार यादव, उत्तरा कश्यप, नर्मदा धुरी, कामता कुलमित्र तोलानी, राकेश तिवारी, सोहन कश्यप, सूर्या कश्यप, निखिल श्रीवास, तोरन कौशिक सहित अन्य उपस्थित रहे।

दुर्ग हत्याकांड के विरोध में पुतला दहन

मुंगेली। प्रदेश में बढ़ते अपराध और मासूम बच्चियों और महिलों की असुरक्षा को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर जिले में भी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया।

गौरतलब हो कि बीते दिनों दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना अंतर्गत ओम नगर में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए दुराचार नृशंस हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। जिसको लेकर पुरे प्रदेश भर में विरोध किया जा रहा है। प्रदेश में बढ़ते आपराधिक मामले की गूंज सदन में भी उठ चुकी है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं और मासूम बच्चियों को सुरक्षा देने में असमर्थ रही है। आये दिन महिलाओं पर अत्याचार के मामले बढ़ रहे है। जिला अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा, यदि सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती तो उसे सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। जिसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया है और निष्क्रिय गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की गई। उन्होंने पीड़ित के परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने सहित प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होने राज्य की बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर गहरी चिंता जताई और दोषियों को शीघ्र कड़ी सजा देने की मांग की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, चंद्रभान बारमते, संजीत बनर्जी, श्याम जायसवाल, दिलीप बंजारा, जैतराम खाण्डे, नरेश पाटले, कौशल सिंह क्षत्रिय, अभिलास सिंह, संजय चंदेल, राजासिंह ठाकुर, श्री ठाकुर, उर्मिला यादव, मंजू शर्मा, जाहिदा बेगम, नूरजहां, संतोषी मोना नागरे, राजेन्द्र यादव, नौसाद खान, रामकुमार साहू, भूपेन्द्र साहू, इंद्रजीत कुर्रे, सूरज यादव, अजय साहू, नामदेव बंजारा, दादू मल्हा, मुकेश पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

पुतला दहन करते कांग्रेसी।

बीजातराई में कलश यात्रा के साथ रामकथा प्रारंभ

कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

सेतगंगा/मुंगेली। ग्राम बीजातराई में स्वामी आत्मानंद गिरि महाराज के सानिध्य में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ संगीतमय श्रीरामकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा में साधु संत सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। महायज्ञ स्थल से मंगलवार को 3 बजे गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में मौजूद श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं द्वारा जय जय श्री राम, जय हनुमान जय सीता राम और श्री लक्ष्मी नारायण की जय के नारे लगाए जा रहे थे। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से होते हुए नगर भ्रमण करते हुए नदी पहुंची, जहां गंगा मैया की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। नदी से विधिवत अपने अपने कलश में जल भर कर, नदी से मुख्य मार्ग होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई थी। वहीं इस कलश यात्रा में आसपास इलाके से बड़ी संख्या में युवती, महिलाओं ने पीला वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रख कर भाग लिया। लेख राम गबेल ने बताया कि ग्राम में श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ/संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन से आसपास इलाके के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यह कार्यक्रम 9 दिन तक चलेगा।

समाधान पेटियों में प्राप्त आवेदनों का विभागवार निराकरण करने के निर्देश

मुंगेली। जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 11 अप्रैल तक सभी नगरीय निकाय कार्यालयों और ग्राम पंचायत भवनों में समाधान पेटी स्थापित की गई है, जिसमें आम नागरिक अपनी समस्याओं, मांगों और शिकायतों से संबंधित आवेदन डाल सकते हैं। सुशासन तिहार के प्रथम चरण के पहले दिन बिलासपुर संभागायुक्त महादेव कावरे, कलेक्टर राहुल देव एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने जिले के नगरीय निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया।

> **खास बात**
> ■ दशरंगपुर ग्राम पंचायत के सचिव को हटाने के निर्देश

संभागायुक्त ने नगर पालिका मुंगेली और विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम पंचायत गीधा में समाधान पेटियों में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली एवं विभागवार पृथक कर निराकरण के निर्देश दिए। ग्राम गीधा में पीएम आवास योजना के अंतर्गत कई आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर संभागायुक्त ने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि सर्वे का कार्य जारी है और सभी पात्रजनों को योजना का लाभ दिया जाएगा। संभागायुक्त श्री कावरे ने आमजनों से संवाद कर योजनाओं की जानकारी दी और अधिक से अधिक लोगों को आवेदन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को सुशासन तिहार को सफल बनाने हेतु समर्पण भाव से कार्य करने के निर्देश दिए। सुशासन तिहार के तहत कलेक्टर ने ग्राम धरमपुरा एवं दशरंगपुर पंचायत भवन पहुंचकर स्वयं ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किए। पंचायत सचिव के विरुद्ध लापरवाही की शिकायत पर कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए दशरंगपुर ग्राम पंचायत के सचिव को हटाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अपर कलेक्टर जीएल यादव, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल सहित अन्य अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

आवेदनों की जानकारी लेते जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर।

अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष बनीं उमा

बिल्हा। अग्रवाल महिला समिति बिल्हा का गठन किया गया, जिसमें उमा केडिया पति रवि केडिया को निर्विरोध रूप से अध्यक्ष चुना गया। साथ ही नीतू अग्रवाल को सचिव चुना गया। महिला समिति के संरक्षक संगीता गुप्ता एवं सुधा बंसल के मार्गदर्शन में महिला समिति के पूर्व अध्यक्ष सोनल बंसल ने नवनिर्मित अध्यक्ष को कार्यभार सौंपा। इसके पश्चात प्रेम लता बंसल और रजनी बंसल को उपाध्यक्ष बनाया गया। साथ ही पुष्पा अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, कृति अग्रवाल, पायल अग्रवाल को सहसचिव चुना गया। इसी तरह चंचल अग्रवाल और रीता अग्रवाल को संगठन सचिव, अनीता बंसल, लक्ष्मी बिंद्रल को संयुक्त सचिव, राखी मंगल, सुरभि अग्रवाल को प्रचार सचिव, संगीता अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल को सहयोगी सचिव बनाया गया। सीमा बिंदल, अंजु गोयल को संगठन सह सचिव, श्वेता अग्रवाल और दीक्षा अग्रवाल को संयुक्त सह सचिव बनाया गया। मंजू अग्रवाल, मीना मित्तल, चंद्रा गर्ग, दिशा केडिया विशेष सलाहकार बनाया गया। इसके साथ ही अनीता अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, ज्योति मित्तल, बबीता अग्रवाल, मीनू अग्रवाल, ममता मित्तल, वंदना अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, रसना केडिया, ज्योति गर्ग, सुनीता अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, श्वेता बंसल, शारदा अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, रत्ना, खुशबू, पायल, मधुलिका गुप्ता, जाह्नवी, मंजू, नेहा अग्रवाल और स्नेहा अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

कॉपियों की जांच करते शिक्षक।

200 शिक्षक कर रहे 74 हजार कापियों का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पहली खेप में 10वीं एवं 12वीं की 73 हजार 868 कॉपियां जांचने का काम जिला शिक्षा विभाग को मिला है। इनमें 10वीं के 45 हजार 834 और 12वीं के 28 हजार 34 कॉपी शामिल हैं। जिसे जांचने के लिए लगभग 200 शिक्षकों को लगाया गया। चुनावी माहौल और स्थानीय परीक्षाओं के चलते जांच की गति प्रभावित हुई है, किन्तु तय सीमा से पहले ही पूरा कर लिया जाएगा।

> **खास बात**
> ■ आत्मानंद हिन्दी माध्यम बीआरसाव स्कूल में हो रहा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड की कापियों का मूल्यांकन

10वीं और 12वीं बोर्ड कक्षाओं की परीक्षा खत्म होने के बाद 26 मार्च से मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो गया है। स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम बीआरसाव स्कूल को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। 10 कमरों में संचालित मूल्यांकन कार्य में 200 शिक्षक जुटे हुए है। आज तक 88 हजार 8 सौ 98 कॉपियां जांची जा चुकी हैं। लगभग 15 हजार 900 कापी शेष है। प्रत्येक जांच करने वाले शिक्षक को दिन भर में अधिकतम 40 कॉपी जांचने की अनुमति है। विद्युत व्यवधान होने के चलते कई बार मूल्यांकन कार्य में परेशानी हो जाती है। मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष नोडल अधिकारी पीसी दिव्य ने बताया कि एक दिन में एक शिक्षक को 40 कॉपियां जांचनी है, यह तय किया गया है। निर्देश है कि जिन विषयों में स्टेप बाई स्टेप उत्तर लिखा जाना है, बच्चों को उत्तर लिखने के प्रत्येक स्टेप के आधार अंक देने हैं। पीसी दिव्य ने बताया कि प्रथम चरण में 10वीं, 12वीं के लगभग सभी विषयों के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य पूर्णता की ओर है। 14 अप्रैल से पूर्व मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि हर साल माध्यमिक शिक्षा मण्डल जल्द से जल्द परिणाम घोषित करने के लिए परीक्षा के बीच से ही मूल्यांकन का कार्य शुरू करवा देता है। मूल्यांकन केन्द्र में गोपनीयता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हर साल केन्द्र में लगभग एक लाख से अधिक उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन किया जाता है।

माशिम द्वारा अलग-अलग चरण में उत्तर पुस्तिका भेजी जाती है। गौरतलब है कि माशिम की बोर्ड परीक्षा एक मार्च से शुरू हुई है। बोर्ड द्वारा 14 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य पूरा करने लक्ष्य रखा गया है, ताकि जल्द से जल्द परीक्षा परिणाम जारी किया जा सके। उम्मीद है कि मई माह में परीक्षा परिणाम जारी हो जाएंगे। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की गलती से बचने स्टेप वाईज मार्किंग की जाएगी। वहीं हर कॉपी में प्राप्तांक को भी स्पष्ट रूप से लिखने को कहा गया है।

पुलिस अधीक्षक ने ली क्राइम मीटिंग

लंबित प्रकरणों का करें शीघ्र निराकरण: एसपी

मुंगेली। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित संवाद कक्ष में जिले की अपराध समीक्षा बैठक ली। अपराध समीक्षा बैठक में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी पुलिस एवं सभी थाना एवं चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

अपराध समीक्षा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले की कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये, जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि महिला-बच्चों से संबंधित अपराध तथा गंभीर अपराधों एवं पूर्व लंबित प्रकरणों तथा 173 (8) जा.फौ. (वर्तमान 193 बीएनएसएस) के तहत लंबित प्रकरण को शीघ्र अतिशीघ्र कार्रवाई कर निराकरण करने निर्देशित किया गया साथ ही जिले के सभी पर्यवेक्षण अधिकारियो को लंबित प्रकरणों की लगातार समीक्षा कर निराकरण करने हेतु निर्देश दिए गए। क्राईम मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर, गुण्डा बदमाश, सजायाबों एवं ग्राम अपराध पुस्तिका का अवलोकन कर ग्रामो में कानून व्यवस्था निर्मित करने वाले आदतन अपराधियों पर सत्त निगाह रखने तथा पूर्व आपराधिक रिकार्ड के अनुरूप सूची तैयार कर जिला बदर की कार्यवाही करने निर्देशित किया गया एवं अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर बांउण्ड ओवर हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना/चौकी प्रभारियों को स्पष्टरूप से कहा गया कि लंबित मामलों के निराकरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री नवनीत कौर छाबड़ा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लोरमी श्रीमती माधुरी धिरही, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मयंक तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक पथरिया, नवनीत पाटिल, उप पुलिस अधीक्षक संजय साहू नक्सल सेल, रक्षित निरीक्षक नरगिस ख्रिस्ट तिग्गा एवं जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी उपस्थित रहे।

पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते एसपी।